दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 82 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर। शुक्रवार, 23 जनवरी 2026 । माघ माह, शुक्ल पक्ष पंचमी, संवत्-2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## जम्मू में सेना की गाड़ी 400-फीट गहरी खाई में गिरी

### 10 जवानों की जान गई, 11 घायल सड़क पर बर्फ के चलते फिसली गाड़ी

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को सेना की गाड़ी 400 फीट गहरी खाई में गिर गई। इसमें 10 जवानों की मौत हो गई, जबकि 11 को एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया है।

हादसा भद्रवाह-चंबा इंटरस्टेट रोड पर खन्नी टॉप के पास हुआ। डोडा के डिप्टी कमिश्नर हरविंदर सिंह ने बताया कि सड़क पर बर्फ होने की वजह से ड्राइवर ने गाड़ी से कंट्रोल खो दिया। सेना के अधिकारी ने बताया कि गाड़ी में सवार 21 जवान डोडा से ऊपरी पोस्ट पर जा रहे थे।

सेना ने अभी यह नहीं बताया है कि जान गंवाने वाले और घायल जवान किन राज्यों से हैं।भद्रवाह-चंबा रोड जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश को जोड़ता है। रास्ते में ऊंचे पहाड़, गहरी खाइयां और घने जंगल हैं। सड़क बेहद संकरी है और कई जगह तीखे मोड़ (हेयरपिन बेंड) हैं।

जहां हादसा हुआ, उस खन्नी टॉप इलाके की समुद्र तल से ऊंचाई 9 हजार फीट है। यहां मौसम तेजी से बदलता है। ठंड और कोहरा छाया रहता है। बर्फबारी के बाद यह रास्ता ज्यादा खतरनाक हो जाता है।

एक साल में 4 बड़े हादसे केंद्र सरकार सशस्त्र बलों से जुड़ी दुर्घटना और अन्य कारणों से होने वाली मौतों की जानकारी सार्वजनिक नहीं करती है।

**जनवरी, 2025:** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सेना का ट्रक खाई में गिर गया था। हादसे में 4 जवानों की मौत हो गई थी।

**मार्च, 2025:** मणिपुर के सेनापति जिले में बीएसएफ जवानों को ले जा रही गाड़ी खाई में गिर गई थी। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई थी। 13 घायल हुए थे। सूत्रों के मुताबिक गाड़ी ओवरलोडेड होने की वजह से हादसा हुआ।





**मई, 2025:** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के बैटरी चश्मा इलाके में एक वाहन 600 मीटर गहरी खाई में गिर गया था। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई थी।

**अगस्त, 2025:** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में सीआरपीएफ जवानों की बंकर गाड़ी 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए।

## हिमाचल में दिल्ली के 3 पर्यटकों की मौत : हादसे में 3 घायल

**पतलीकूहल, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में गुरुवार को एक सड़क हादसे में दिल्ली के 3 पर्यटकों की मौत हो गई। इस हादसे में तीन अन्य गंभीर रूप से घायल है। घायलों का कुल्लू अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को भेज दिए है। सूचना के अनुसार- यह हादसा आज सुबह 8 बजे के करीब चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पर कुल्लू से 10 किलोमीटर पहले बबेली क्षेत्र में आईटीबीपी केंद्र के गेट के पास हुआ। दिल्ली से छह टूरिस्ट मनाली घूमने आ रहे थे। इस दौरान इनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। इससे तीन लोगों को मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## हिसार के पर्वतारोही का वर्ल्ड रिकॉर्ड

### यूरोप की सबसे ऊंची चोटी पर बिना ऑक्सीजन 24 घंटे बिताए, 8 साल की मेहनत

**हिसार।** हरियाणा के पर्वतारोही ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर बिना ऑक्सीजन के 24 घंटे बिता दिए। हिसार के गांव मलापुर के रोहताश खिलेरी ने 18,510 फीट की ऊंचाई पर बिना किसी ऑक्सीजन सपोर्ट के लगातार 24 घंटे बिताने के बाद खुद वीडियो शूट किया। रोहताश ने दावा किया कि यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है और वह ऐसा कारनामा करने वाले दुनिया के पहले इंसान हैं। वह 8 साल से पर्वतारोहण कर रहे हैं। 20 जनवरी को रोहताश जब माउंट एल्ब्रुस पर्वत पर थे, तब वहां का तापमान -40डिग्री से. से -50डिग्री से. तक था। 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही थी। बता दें कि रोहताश के पिता सुभाष चंद्र किसान हैं जबकि माता बंसी देवी गृहिणी हैं। रोहताश ने सोशल मीडिया पर अपने एक्सप्रेशन शेयर करते हुए बताया कि यह जीत आसान नहीं थी। उनका यह सफर 2018 में शुरू हुआ था। 2020 में एक गाइड की जान बचाने के लिए उन्हें मिशन बीच में छोड़ना पड़ा और 2023 में खराब मौसम ने रास्ता रोका।

## भोजशाला में पूजा और नमाज एक साथ होगी

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- प्रशासन दोनों के लिए अलग-अलग जगह तय करे; धार छावनी में तब्दील

**नई दिल्ली/भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को धार भोजशाला मामले में बड़ा आदेश दिया है। 23 जनवरी (बसंत पंचमी, शुक्रवार) को हिंदू पक्ष को सूर्योदय से सूर्यास्त तक मां सरस्वती (वाग्देवी) की पूजा की पूरी छूट दी गई है, जबकि मुस्लिम पक्ष को दोपहर 1 से 3 बजे तक जुमे की नमाज अदा करने की अनुमति दी है। कोर्ट ने प्रशासन को दोनों के लिए अलग-अलग जगह तय करने, विशेष पास व्यवस्था करने और शांति-सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने यह व्यवस्था हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की याचिका पर सुनवाई करते हुए दी। मामले की सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने की। आदेश के मुताबिक हिंदू समुदाय को हर मंगलवार को सूर्योदय से सूर्यास्त तक निःशुल्क प्रवेश की अनुमति है। उस दिन आगंतुक एक-दो फूल और कुछ चावल के दाने ले जा सकते हैं।

## सीवान में नीतीश की सभा से थोड़ी दूर पर ब्लास्ट

### पटाखा बनाने के दौरान धमाका, एक की मौत, सिर-पैर 20 फीट दूर गिरे

**सीवान।** सीवान में सीएम नीतीश की सभा से थोड़ी दूर पर ब्लास्ट हुआ है। ये धमाका पटाखा बनाने के दौरान एक घर में हुआ। इसमें एक की मौत हुई है। धमाके की आवाज 2किमी. दूर तक सुनी गई। धमाका इतना जोरदार था कि मरने वाले का सिर और पैर 20 फीट दूर जाकर गिरा। धड़ के भी चिथड़े उड़ गए हैं। मृतक की पहचान बड़रम गांव के जाल बदर के 50 साल के मुर्तुजा मंसूरी के रूप में हुई है। ब्लास्ट की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। धमाके की वजह से घर भी गिर गया है। ये धमाका हुसैनगंज थाना इलाके में बडरम गांव में हुआ है। यहां से 7किमी. की दूरी पर नीतीश कुमार सभा कर रहे थे। एसपी पूरन कुमार झा ने बताया कि पुलिस ने घर को सील कर दिया गया है। बम निरोधक दस्ता को बुलाया गया है। एफएसएल की टीम जांच के लिए पहुंच चुकी है।

#### 2किमी. दूर तक गई धमाके की आवाज

लोगों ने बताया कि तेज धमाका हुआ। धमाके की आवाज 2 किमी. दूर तक गई। आसपास के लोगों के घरों के दरवाजे हिलने लगे। स्थानीय लोगों ने बताया कि, हम लोग घर से बाहर निकले। देखा तो पास वाले घर से धुआं उठ रहा था। मलबा बिखरा पड़ा था। धीर-धीरे भीड़ जुटने लगी। उस घर में अवैध रूप से पटाखे बनाए जाते थे। आज पटाखा बनाने के दौरान ही ब्लास्ट हुआ है। पूरा परिवार पटाखे बनाता था। कई बार शिकायत कभी की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## झारखंड में 1 करोड़ के इनामी समेत 15 नक्सली ढेर

### सारंडा जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान एनकाउंटर; पुलिस, कोबरा बटालियन और सेंट्रल फोर्स शामिल


बढ़ता राजस्थान

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** झारखंड में मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी नक्सली अनल दा समेत 15 नक्सली ढेर हुए हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में गुरुवार सुबह से सुरक्षाबलों और भाकपा (माओवादी) नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। आसपास का इलाका गोलियों की आवाज से गूंज उठा। जानकारी के मुताबिक झारखंड पुलिस, कोबरा और सेंट्रल पुलिस फोर्स के जवानों की सर्चिंग के दौरान माओवादी के शीर्ष नेता अनल दा उर्फ पतिराम मांझी के दस्ते के साथ मुठभेड़ हुई। उसके दस्ते में 14 से अधिक नक्सली हैं। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने अनल दा समेत 15 नक्सलियों को मार गिराया है। सर्च अभियान के दौरान 15 डेडबॉडी के साथ भारी मात्रा में हथियार एवं दैनिक उपयोग के सामान बरामद किए गए।

#### 15 नक्सलियों में से 11 की हुई पहचान

आईजी सीआरपीएफ साकेत कुमार ने बताया कि मारे गए 15 नक्सलियों में से 11 की पहचान हो चुकी है। अनल उर्फ पतिराम मांझी पर झारखंड सरकार ने 1 करोड़, ओडिशा सरकार ने 1 करोड़ 20 लाख और एनअईए ने 15 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।

- अनमोल उर्फ सुशांत-25 लाख इनामी (झारखंड), 65 लाख इनामी (ओडिशा), (कुल कांड-149) पता-ग्राम बंसी टोला, थाना नावाडीह, जिला बोकारो, झारखंड।
- अमित मुण्डा-15 लाख इनामी (झारखंड), 43 लाख इनामी (ओडिशा), 04 लाख इनामी (एनआईए), (कुल कांड-96), पता-ग्राम तमराना, थाना तमाड़, जिला-रांची।
- पिन्टु लोहरा-5 लाख इनामी (झारखंड) (कुल कांड-47), पता-बारीसालडीह, थाना सोनाहातू, जिला रांची, झारखंड।
- लालजीत उर्फ लालु-5 लाख इनामी (झारखंड), पता-धारणादिरी, थाना-किरीबुरू, जिला-चाईबासा।



- राजेश मुण्डा-(कुल कांड-14), पता-ग्राम माईलपिड़ी, थाना अड़की, जिला-खूंटी।
- बुलबुल अलदा-(कुल कांड-08), पता-ग्राम ईलीगढ़ा, थाना तांतनगर, जिला चाईबासा।
- बबिता-(कुल कांड-16), पता-कोरर्रा, थाना कुचाई, जिला सरायकेला।
- पूर्णिमा-(कुल कांड-05). पता-ईचागोडा, थाना गोईकेरा, जिला चाईबासा।
- सूरजमुनी-जोंगा-(कुल कांड-01), पता-बोईपाई ससांग, थाना गोईलकेरा, जिला चाईबासा।
- नक्सलियों के फायरिंग करने पर जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभाल लिया।
- नक्सलियों के फायरिंग करने पर जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभाल लिया।

**विशेष अभियान मेघाबुरू के दौरान मुठभेड़**-सुरक्षाबल नक्सल विरोधी विशेष अभियान मेघाबुरू के तहत सारंडा के घने जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान जंगल में पहले से घात लगाए बैठे नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी।

## आज चांदी 19,386 और सोना 3,099 सस्ता हुआ



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** चांदी की कीमतों में गुरुवार 22 जनवरी को गिरावट है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, चांदी 5% या करीब 19 हजार प्रति किलो गिर गई। चांदी सुबह 3,03,584 रुपए पर खुली और 2,99,711 रुपए पर बंद हुई। कल ये 3,19,097 लाख रुपए पर बंद हुई थी और कारोबार के दौरान इसने 3,20,075 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोना भी 3,099 रुपए गिरकर 1,51,128 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। एक दिन पहले सोने ने 1,55,204 रुपए का हाई बनाया था। फिर 1,54,277 रुपए पर बंद हुआ।

#### सोना-चांदी सस्ते होने की तीन वजहें

- पिछले दिनों आई बड़ी तेजी के बाद हुई मुनाफावसूली से सोना-चांदी सस्ते हुए है।
- शेयर बाजार में तेजी आने से सुरक्षित निवेश के तौर पर सोना-चांदी की डिमांड घटी है।
- जियोपॉलिटिकल तनाव कम होने से सोना-चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट आई हैं।

#### निवेशकों को थोड़ा इंतजार करने की सलाह

अगर आप नई खरीदारी या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो एक्सपर्ट्स का मानना है कि थोड़ा और इंतजार करना सही रहेगा। अभी मुनाफावसूली का दौर चल रहा है, जिससे कीमतों में और गिरावट की संभावना है। वहीं, जिन लोगों ने ऊंचे भाव पर चांदी खरीदी है, उन्हें घबराने के बजाय लंबी अवधि के लिए होल्ड करने की सलाह दी गई है क्योंकि फंडामेंटल्स अब भी मजबूत हैं।

## बांग्लादेश टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने की कगार पर

### बोर्ड बोला- भारत में नहीं खेलेंगे; आईसीसी ने कल कहा था- इंडिया में ही खेलना होगा



बढ़ता राजस्थान

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने गुरुवार को भारत में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने से इनकार कर दिया, जिसके बाद टीम का टूर्नामेंट से बाहर होना तय माना जा रहा है। एक दिन पहले ही आईसीसी ने स्पष्ट किया था कि बांग्लादेश के सभी ग्रुप मैच भारत में ही कराए जाएंगे। इससे पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने मांग की थी कि उसके सभी मुकाबले भारत की बजाय श्रीलंका में कराए जाएं। आईसीसी ने बुधवार को यह मांग खारिज कर दी और बीसीबी को इस पर फैसले के लिए एक दिन का समय दिया था। बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने नेशनल टीम के खिलाड़ियों के साथ आज ढाका में बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने कहा, हम वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में हमारे खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चिंता अब भी बनी हुई है। वहीं, बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा कि बोर्ड एक बार फिर आईसीसी से बातचीत करेगा।

## ट्रम्प का यू-टर्न, यूरोपीय देशों पर 10% टैरिफ नहीं लगाएंगे

### ग्रीनलैंड समझौते पर नाटो चीफ के साथ बातचीत की, कहा- डील की जानकारी जल्द पब्लिक करूंगा

बढ़ता राजस्थान

**दावोस (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूरोपीय देशों पर 10% टैरिफ लगाने से पीछे हट गए हैं। ये टैरिफ 1 फरवरी से लगने वाले थे। ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि उन्होंने दावोस में नाटो चीफ जनरल मार्क रुट के साथ बातचीत के बाद यह फैसला लिया।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उनकी नाटो चीफ के साथ ग्रीनलैंड को लेकर होने वाले समझौते की बुनियादी बातें तय हो गई हैं। अगर यह समझौता पूरा होता है, तो यह अमेरिका और नाटो के सभी देशों के लिए फायदेमंद होगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका, नाटो और दूसरे देश मिलकर पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा पर काम करेंगे, जिसमें ग्रीनलैंड भी शामिल रहेगा। हांलांकि ट्रम्प ने इस समझौते की पूरी जानकारी देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि मामला थोड़ा मुश्किल है और इसकी पूरी जानकारी बाद में दी जाएगी।

#### ग्रीनलैंड डील का फ्रेमवर्क क्या है

ट्रम्प और नाटो के बीच ग्रीनलैंड फ्रेमवर्क के तहत कई बिंदुओं पर सहमति बनी है। इसके तहत ग्रीनलैंड और पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा नाटो और अमेरिका मिलकर करेंगे। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि यह डील जल्द सार्वजनिक की जाएगी। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका को ग्रीनलैंड में कुछ सीमित इलाकों में अपने सैन्य ठिकाने बनाने की अनुमति मिलेगी। इन ठिकानों का इस्तेमाल जमीन, समुद्र और हवा तीनों मोर्चों पर निगरानी और रक्षा के लिए होगा। इसके साथ ही नाटो, अमेरिका के प्रस्तावित 'गोल्डन डोम' मिसाइल डिफेंस सिस्टम में भी सहयोग करेगा। फ्रेमवर्क में यह भी शामिल है कि ग्रीनलैंड के खनिज संसाधनों पर अमेरिका के साथ साझेदारी होगी। रूस और चीन को इस इलाके में आर्थिक या सैन्य पकड़ बनाने से रोका जाएगा।



#### ग्रीनलैंड पर कब्जा नहीं करेगा अमेरिका

सीबीएस न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि इस समझौते में अमेरिका के ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण या मालिकाना हक में लेने की कोई बात नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, इस ढांचे के तहत ग्रीनलैंड की सुरक्षा मौजूदा 1951 के अमेरिका-डेनमार्क समझौते से भी ज्यादा मजबूत की जाएगी।

#### 1951 का अमेरिका-डेनमार्क समझौता क्या था?

1951 में अमेरिका और डेनमार्क के बीच एक रक्षा समझौता हुआ था। इसके तहत अमेरिका को ग्रीनलैंड में सैन्य ठिकाने बनाने की इजाजत मिली थी। उस समय कई बेस बने, लेकिन आज सिर्फ एक बेस पिटुफिक स्पेस बेस एक्टिव है।

## एसआईआर पारदर्शी तरीके से हो : सुप्रीम कोर्ट

### चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता; ईसी बोला- आयोग पर हमला फैशन बन गया है

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि, यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी होनी चाहिए। चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता। कोर्ट ने सवाल किया कि क्या एसआईआर नियमों से हटकर हो सकती है। इस पर चुनाव आयोग की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने कहा- वोटर लिस्ट की जांच करना न्यायसंगत और सही है। कोर्ट को इस प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर देना चाहिए। द्विवेदी ने आगे कहा कि कुछ ह्रहह और नेताओं के कहने पर हर मामले की जांच नहीं हो सकती। बिहार में जिन 66 लाख लोगों के नाम हटे हैं उनमें से किसी ने कोर्ट में शिकायत नहीं की। आजकल ईसीआई को गाली देकर चुनाव जीतना फैशन बन गया है।

#### कोर्ट में चुनाव आयोग के 5 तर्क

- कानून के तहत ईसीआई को वोटर लिस्ट की विशेष जांच करने का अधिकार है। एसआईआर कैसे किया जाए, यह आयोग तय कर सकता है।
- बिहार में करीब 20 साल से ऐसी जांच नहीं हुई थी। जनसंख्या बदलाव, शहरों में पलायन बढ़ा है। इसलिए वोटर लिस्ट अपडेट जरूरी थी।



- 2003 में नागरिकता कानून में बदलाव हुआ था। अब नागरिकता साबित करने के नियम सख्त हुए हैं।

# रामलला विराजमान की अर्चना और जय श्रीराम का जयकारा

## निर्धारित समय से दो घंटे देरी से पहुंचे मुख्यमंत्री

## प्रदेश में विकास की गंगा बहाने का वादा दोहराया

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को सिरोही दौरे पर रहे। उन्होंने यहां किसान सम्मान निधि का हस्तांतरण किया। साथ ही प्रदेश में विकास की गंगा बहाने का वादा दोहराया। अपने निर्धारित समय से दो घंटा देरी से पहुंचे मुख्यमंत्री ने मंच पर तीन बार जयश्री राम का जयकारा लगाया। साथ ही सिरोही की पुण्य धरा को नमन करते हुए सारणेश्वर महादेव का भी जयकारा लगाया। यहां आचार्य प्रदीप दवे ने रामलला विराजमान की पूजा-अर्चना करवाई। राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुम्बाराम चौधरी समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।



### विकास कार्यों का उल्लेख किया

हवाई पट्टी से टाउन हॉल होते हुए बनाए गए विशेष मार्ग से वे सभा स्थल पहुंचे। यहां पशुपालन, सहकारिता, डेयरी, कृषि आदि विभिन्न विभागों की ओर से आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मंच से सिरोही जिले के विकास के लिए 1500 करोड़ रुपए के कार्यों का भी मुख्यमंत्री ने उल्लेख किया।

### लाभार्थियों को वितरित की राशि

उन्होंने मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की पांचवीं किस्त के रूप में 65 लाख से अधिक किसानों को 653 करोड़ रुपए जारी किए। वहीं, समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए दस हजार किसानों को 40 करोड़ रुपए की भावांतर राशि, 4 लाख दुग्ध उत्पादकों को सौ करोड़ रुपए का संबल बोनस व फसल खराबे से प्रभावित 5 लाख किसानों को 327 करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई।

### रक्षक साबित होगा रक्षा बिल

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पलायन रोकने के लिए रक्षा बिल लाने की घोषणा की। कहा कि पिछली सरकार के दौरान प्रदेश के कई इलाकों में डर और असुरक्षा के कारण लोगों को पलायन के पोस्टर लगाने पड़ते थे। तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की राजनीति ने आम नागरिकों की संपत्ति को असुरक्षित कर दिया था। नई सरकार इस रक्षा बिल के माध्यम से नागरिकों के घरों और संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, ताकि किसी भी परिवार को दबाव या डर के कारण अपना घर न छोड़ना पड़े। कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि अशांति फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और प्रदेश केवल कानून के शासन से चलेगा।

# सरकार सिरोही आई पर कोई सौगात नहीं मिल पाई

## - संगठनात्मक कमजोरी के कारण नहीं ले सके कोई सौगात
## - सरकार को समस्या बताते तो कोई घोषणा कर ही जाते

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** निसंदेह यह बड़ी सौगात रही कि सरकार खुद सिरोही आई, लेकिन सिरोही को कोई सौगात नहीं मिल पाई। इसे संगठनात्मक कमजोरी ही कहा जाएगा कि अपने वक्तव्यों में किसी वक्ता ने यहां के लिए कोई मांग नहीं रखी। माना जा रहा है कि सरकार के सामने कोई समस्या रखी जाती तो कोई न कोई सौगात भी जरूर मिलती। अब न तो किसी वक्ता ने मांग रखी और न किसी ने समस्या बताई। लिहाजा मुख्यमंत्री सिरोही आए और चले भी गए, लेकिन जिले को कोई बड़ी घोषणा या सौगात नहीं मिल पाई।

### ठेठ देहाती अंदाज ने महफिल लूट ली

भीनमाल से पूर्व विधायक रहे पूराराम ने जरूर माही का पानी यहां तक लाने का मांग पत्र मुख्यमंत्री को देने की बात कही। अधिकतर वक्ताओं में से पूर्व विधायक पूराराम का वक्तव्य खासा दमदार रहा मानों वे पूरी महफिल ही लूट ले गए। देसी अंदाज में ठेठ देहाती गीत सुनाते हुए सिरोही का गुणगान किया। वहीं, प्रदेश के कद्दावर नेता रहे भैरोसिंह शेखावत, विजयाराजे सिंधिया से अपनी नजदकियों का भी उल्लेख किया। उनके वक्तव्य के दौरान पांडाल में तालियां गूंजती रही।



### धक्कों से बचाने वाला कोई न दिखा

अपने दम पर लोगों को एकत्र कर सभा में लाने वाले कुछ भाजपा पदाधिकारी सुरक्षाकर्मियों के धक्के खाते नजर आए। वे यहां तक कि वे पांडाल तक पहुंचे भी, लेकिन अपेक्षित लोगों की सूची में नाम नहीं होने से इनको दूर धकेल दिया गया। इनकी पैरवी के लिए कोई बड़ा पदाधिकारी भी यहां तक नहीं पहुंचा। समुचित सम्मान नहीं मिलने से धक्के खाने वाले पदाधिकारी नाराज से दिखे। इसमें संगठन के विभिन्न मोर्चा व प्रकोष्ठ के जिलास्तरीय पदाधिकारी भी शामिल रहे।

### ज्ञापन लेकर खड़े रहे लोग मिलने को तरसे

मुख्यमंत्री ने सिरोही में केवल दो किमी की दूरी ही सड़क मार्ग से तय कर पाए। वे हवाई पट्टी से सभा स्थल एवं यहां से वापस हवाई पट्टी गए। ऐसे में उनको वहीं सब कुछ नजर आया, जो अधिकारी व भाजपाई दिखाना चाह रहे थे। जनता अपनी समस्याओं के पुलिंदें लेकर इस रास्ते में खड़ी भी रही, लेकिन न तो किसी ने समस्या सुनी और न मिलने दिया गया।

# जनता का विश्वास ही विकास की असली नींव : जवाहर सिंह बेढम

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का सघन दौरा

### गारौली, शीशवाड़ा, मुढ़ेरा और नगला देशवाल में सुनीं जन-समस्याएं, मौके पर अधिकारियों को दिए निस्तारण के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**डीग( नि.स. )।** राम-राज्य की परिकल्पना केवल आदर्श नहीं, बल्कि हमारी प्रशासनिक कार्यशैली का मूल मंत्र है। हमारी सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यह विचार प्रदेश के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरुवार को डीग जिले के विधानसभा क्षेत्र बृजनगर के विभिन्न गांवों के विस्तृत दौरे और सामाजिक कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मंत्री बेढ़म के लिए आज का दिन आस्था और कर्तव्य के संगम का दिन रहा। उन्होंने जहाँ एक ओर प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव में सहभागिता की, वहीं दूसरी ओर सुदूर ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर जनता से सीधा संवाद स्थापित किया।

बृजनगर स्थित गांधी पार्क में श्री रामलला की द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर आयोजित विशाल भोजन-प्रसादी कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने शिरकत की। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम हमारे राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक हैं। आज के पावन दिन हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम समाज में प्रेम, भाईचारा और समरसता को बढ़ावा देंगे।



गृह राज्य मंत्री बेढम ने विधानसभा क्षेत्र के गाँव गारौली और शीशवाड़ा में आयोजित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लिया। यहाँ उन्होंने औपचारिकताओं से परे हटकर आमजन के बीच बैठकर उनसे सीधा संवाद किया।

इस दौरान गारौली जाते समय मार्ग में गाँव मुढ़ेरा और नगला देशवाल में ग्रामीणों द्वारा मंत्री बेदम का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। ग्रामीणों के स्नेह से अभिभूत मंत्री बेढ़म ने कहा कि आज विभिन्न गांवों के लोगों ने जिस अपनापन और प्यार से मेरा स्वागत किया, वह मेरे लिए एक भावनात्मक धरोहर है। गारौली, शीशवाड़ा, मुढ़ेरा और नगला देशवाल के निवासियों का यह स्नेह मुझे हर दिन और बेहतर सेवा करने की प्रेरणा देता । जनसंपर्क के दौरान सामने आई पेयजल, सड़क और बिजली से जुड़ी समस्याओं पर मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्राम उत्थान शिविरों की भावना के अनुरूप इन समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। दौरे के दौरान भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सतीश बंसल ,स्थानीय जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, विभिन्न समाजों के पंच-पटेल और बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

# ये देख सीएम भी कहेंगे वाह क्या क्लीन सिटी है, कीप इट अप

## - मुख्यमंत्री को हकीकत से दूर रखना चाह रहे अधिकारी
## - संगठन पदाधिकारी भी सब बढ़िया दिखाने की जुगत में जुटे



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( जीतेश रावल ).** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सिरोही दौरे को लेकर प्रशासनिक व संगठनात्मक स्तर पर बड़ी तैयारियां की गई, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। मुख्यमंत्री के सामने सब कुछ बढ़िया दिखाने के लिहाज से हवाई पट्टी से लेकर सभा स्थल तक चाक-चौबंद व्यवस्थाएं रखी गई। रातोंरात नई सड़क तक बना दी गई। यहां तक कि मुख्यमंत्री के आवागमन के रास्ते में किनारों पर दिखने वाला कचरा हटाने के बजाय तिरपाल की कनात खींच दी गई। कचरा व गंदगी दिखेगा ही नहीं तो सीएम कहेंगे ही वाह क्या क्लीन सिटी है, अधिकारियों व भाजपा पदाधिकारियों को कह भी सकते है कीप इट अप।

### आप सिटी से आते तो विकास भी दिखता

सीएम सर, आप सिटी से होकर आएंगे ही नहीं तो आपको अपनी सरकार का विकास कैसे दिखेगा। हां, यह हो सकता है विकास इतना ज्यादा हो गया हो कि अब अधिकारी इससे ज्यादा कुछ करने के मूड में ही न हो। शायद यही कारण है कि सभा स्थल के लिए इस बार हवाई पट्टी से निकलते ही टाउन हॉल के पास से रास्ता निकाल दिया गया। वैसे अभी तक इस जगह आने वाले वीआईपी हमेशा ही मुख्य रास्ते से होकर आते रहे हैं।

### ताकि टूटा हाईवे नजरों में न आए

लगता है भाजपा पदाधिकारी अपने नम्बर बढ़ाने के लिहाज से मुख्यमंत्री को सब कुछ बढ़िया दिखाना चाह रहे थे। यही कारण रहा कि जिला तो क्या शहर में ही बिगड़ी व्यवस्थाओं को कनात से ढंका गया। यहां तक कि महज कुछ फीट का टूटा-फूटा हाईवे भी मुख्यमंत्री की नजारों में न आए इसलिए उनके चलने को अलग से रास्ता खोल दिया गया।

### तो मौत पर मिट्टी की लीपापोती न होती

वैसे सीएम सर, एक बात तो है आपके आने से ही सही पर प्रशासनिक अमला मुस्तैद हो गया। आप अपना शेड्यूल यदि सड़क मार्ग से बनाते तो हादसों का हाईवे भी ठीक हो जाता। टाउन हॉल के बाहर जिस जगह आनन-फानन में सड़क बनाई गई है उससे महज कुछ फीट दूर ही हाईवे के गड्ढे हाल ही में एक किशोरी की जान ले चुके हैं। हां, मौत पर मिट्टी की लीपापोती जरूर हो गई, लेकिन इतने दिन बाद भी न तो हाईवे दुरुस्त हुआ और न हादसों की रोकथाम।

# प्रागपुरा का पीएम श्री महात्मा गांधी विद्यालय होगा कायाकल्प, विकास को मिली रफ्तार

## भामाशाहों व स्टाफ की अनूठी पहल से 1.80 लाख जुटे



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा में गुरुवार को एसडीएमसी/एसएमसी की बैठक विद्यालय प्रधानाचार्य विपिन कुमार मामोडिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विद्यालय के सर्वांगीण विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। उल्लेखनीय पहल के रूप में विद्यालय स्टाफ व भामाशाहों ने आगे बढ़कर विकास कार्यों हेतु लगभग 1.80 लाख रुपये की राशि के सहयोग का संकल्प लिया, जिसकी सराहना बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने की। बैठक में विद्यालय परिसर के आंतरिक चौक में स्थित वृक्षों की छंगाई के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, जिसकी जिम्मेदारी जयप्रकाश यादव को सौंपी गई। इसके अतिरिक्त कक्षा-कक्षों की छतों पर वाटर प्रूफिंग, कक्षों व कार्यालयों का संपूर्ण रंगरोगन, तथा कक्षों में लगे जाल व मरम्मत कार्य से जुड़े प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित हुए। विकास कार्यों हेतु विद्यालय स्टाफ ने भामाशाह की भूमिका निभाते हुए सहयोग राशि की घोषणा की। सभी कर्मचारियों ने 5,100 रुपये का योगदान देते हुए कुल राशि को सुदृढ़ बनाया, वहीं प्रधानाचार्य विपिन कुमार मामोडिया ने 15,000 रुपये तथा भामाशाह नरेन्द्र कुमार सैनी ने 21,000 रुपये का सहयोग प्रदान किया। राशि विद्यालय के रंगरोगन व अन्य भौतिक संसाधनों पर व्यय की जाएगी। बैठक में गणमान्य सदस्यों में बजरंग लाल चौधरी, लक्ष्मी कंवर, पूनम देवी, रेखा यादव, गिरधारी लाल शर्मा, तारा देवी जांगिड़, प्रमोद शर्मा, सुरेश सैनी सहित ग्रामीण जनों में ललित गोयल, जयप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे। स्टाफ सदस्यों में एसडीएमसी सचिव मालाराम यादव, महावीर प्रसाद शर्मा, अरविंद कुमार शर्मा, हजारी लाल स्वामी,वरिष्ठ अध्यापक मुकेश कुमार यादव, व्याख्याता प्रकाश चंद गुर्जर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पावटा उपजिला अस्पताल में निःशुल्क नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के उपजिला अस्पताल में गुरुवार को पूर्व विधायक सुभाष शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा निःशुल्क नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला अंधता निवारण समिति के आर्थिक सहयोग से सहाय हॉस्पिटल जयपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान कुल 137 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 14 मरीजों को नेत्र लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित कर भर्ती किया गया। चयनित सभी मरीजों को जयपुर ले जाकर ऑपरेशन कराने के उपरांत पुनः पावटा उपजिला अस्पताल में वापस लाया जाएगा। शिविर पूरी तरह निःशुल्क रखा गया, जिसमें मरीजों के लैंस प्रत्यारोपण के साथ जयपुर आने-जाने, भोजन, दवाइयां, चश्मे आदि की संपूर्ण व्यवस्था भी निःशुल्क की गई। पूर्व विधायक सुभाष शर्मा ने शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को राहत प्रदान करना बताया। इस अवसर पर हरिप्रसाद वर्मा, शिम्भू सिंह शेखावत, मुकेश कुमार सैनी, सुनील कुमार वाल्मीकि एवं सूर्यकांत सैनी मौजूद रहे और चयनित मरीजों को जयपुर के लिए रवाना किया।

# चोरी की वारदात का 10 दिन में नहीं हुआ खुलासा, ग्रामीणों में पुलिस के प्रति गहरा आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र के गांव लाडाकाबास की ढाणी सुरली में 14 जनवरी को हुई लाखों के आभूषण व नकदी चोरी की घटना का खुलासा दस दिन बाद भी नहीं होने पर ग्रामीणों में पुलिस की लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित रामनिवास यादव पुत्र गोपाल यादव ने रिपोर्ट में बताया कि रात्रि करीब 3 बजे अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर बड़ा एवं छोटा बक्सा सहित कई सामान चुरा लिये। बाद में चोरों ने बक्से को सड़क किनारे तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं 25-30 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गये। घटना के खुलासे में देरी होने पर गुरूवार को पूर्व सरपंच मदन यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रागपुरा थाने में पहुंचकर थानाधिकारी भजनाराम से मुलाकात की तथा शीघ्र खुलासे की मांग की। ग्रामीण प्रतिनिधिमंडल ने कोटपुतली एएसपी नाजिम अली एवं विराटनगर डीएसपी उमेश निठारवाल से दूरभाष पर बात कर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी एवं नकबजनी की घटनाओं पर चिंता जताई। सामाजिक कार्यकर्ता विकास यादव ने कहा कि पूरे सीओ सर्किल क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में असुरक्षा का माहौल है। पुलिस की धीमी कार्रवाई से जनता में निराशा है।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 4 जैड में नशा मुक्ति जागरूकता रैली व कार्यशाला आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** जिला कलक्टर डॉ. मंजू एवं जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में जारी नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चार जैड में नशा मुक्ति जागरूकता रैली एवं प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग केविक्रम ज्याणी के नेतृत्व में गाँव की प्रमुख गलियों से निकाली गई जागरूकता रैली से हुई। रैली में युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने हाथों में तख्तियाँ लेकर 'नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो' 'नशा नहीं, भविष्य चाहिए' जैसे नारों से आमजन को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया। रैली ने यह संदेश दिया कि नशा केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज की बर्बादी का कारण बनता है।

रैली के पश्चात आयोजित जागरूकता कार्यशाला में विक्रम ज्याणी ने कहा कि नशा मजा नहीं बल्कि ऐसा जहर है, जो इंसान के सपने, रिश्ते और आत्मसम्मान धीरे-धीरे छीन लेता है। युवाओं से कहा गया कि आज लिया गया सही निर्णय ही उन्हें दुर्घटना, अपराध, बीमारी और अंधकारमय भविष्य से बचा सकता है।

कार्यक्रम में सुरक्षा कवच बैज वितरित किये गये। वक्ताओं ने कहा कि नशा एक सोचा-समझा कारोबार है, जो युवाओं की कमजोरी को अपना हथियार बनाता है। इसलिए जागरूक रहना ही सबसे बड़ा बचाव है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि मैं स्वयं नशे से दूर रहूंगा/रहूंगी और अपने परिवार, गाँव व समाज को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाऊँगा/निभाऊँगी। विद्यालय प्रधानाचार्या शनोवर बिश्नोई ने कहा कि यह अभियान एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाला सामाजिक आंदोलन है, जिसका लक्ष्य चार जैड गाँव को नशा मुक्त, सुरक्षित और आदर्श गाँव के रूप में स्थापित करना है। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ सहित विद्यार्थियों ने भाग लिया। पुलिस कांस्टेबल श्री प्रवीण कुमार ने साइबर सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के लिए युवाओं को जागरूक किया।

# डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने मिट्टी के मटकों से लिखा सेवा, संस्कृति और पर्यावरण का नया अध्याय, 10वाँ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** शिकारबाड़ी में आयोजित एक प्रेरक एवं जनहितकारी पहल के तहत गुरुवार को मेवाड़ पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने अपना 10वां विश्व कीर्तिमान मिट्टी के मटकों से लिखा सेवा, संस्कृति और पर्यावरण के नये अध्याय के रूप में स्थापित किया है। डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने शिक्षा, चिकित्सा, महिला स्वच्छता प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के क्षेत्र में नौ गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने के बाद अब फिर पर्यावरण संरक्षण, जन-जागरूकता और हुनरमंदों की कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1400 से ज़्यादा मिट्टी के मटकों का निर्माण करवाकर उन्हें जरूरतमंदों में वितरित कर 10वां गिनीज वर्ल्ड ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर मेवाड़ का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने अपने दिवंगत पिता महाराणा अरविंद सिंह मेवाड़ को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके कला, संस्कृति व परम्परा के संरक्षण में उनके योगदान को याद किया। डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने प्राचीन काल से चली आ रही मिट्टी के मटकों की परंपरा, उनके वैज्ञानिक महत्व और स्वास्थ्यवर्धक गुणों को बताते हुए कहा कि आधुनिक जीवनशैली की दौड़ में लोग मटकों में उपलब्ध प्राकृतिक रूप से ठंडे एवं शुद्ध जल के महत्व को सदैव याद रखें। उन्होंने रेफ्रिजरेटर के अत्यधिक ठंडे पानी के संभावित दुष्प्रभावों और मटके के पानी के स्वास्थ्य व पर्यावरण अनुकूल लाभों को सरल शब्दों में समझाया।

# अनावश्यक शिकायतों पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष एवं आईआरएस अधिकारी रहे केसी घुमरिया ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सत्ताधारी पार्टी पर हमला बोला। घुमरिया ने कहा-भाजपा राजस्थान में वोट पर डाका डाल रही। वोट चोरी की बात अब आमजन को भी समझ आ रही है। सत्ताधारी पार्टी एसआईआर को लेकर राजनीति कर रही है। जीवित लोगों को भी मृत बताकर उनके वोटर लिस्ट से नाम हटाए जा रहे है। अनावश्यक शिकायतों पर प्रशासन एकतरफा कार्रवाई कर रहा है। जो लोग वर्षों से अपने खरीदशुदा आवासों में रह रहे हैं उन्हें भी पलायन के नाम पर मतदाता सूची से हटाया जा रहा है। घुमरिया ने आज यहां जारी एक बयान में कहा-राजस्थान में बीजेपी वाले प्री-फील्ड फॉर्म लाए, जिनसे ये पकड़ में आए।सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग से मांग करता हूं कि इन सारे फॉर्म की फोरेंसिक जांच हो कि ये कहां छपे हैं? कौन व्यक्ति इनको यहां नीचे पहुंचाकर गया तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

**फॉर्म की हो फोरेंसिक जांच : घुमरिया**

उन्होंने कहा-ये सारे फॉर्म एक सेंट्रलाइज्ड जगह पर छापे गए हैं और वहां से छाप कर इनको जयपुर पहुंचाया गया है। जयपुर से उनके विधायक, विधायक प्रत्याशी और पांच मंत्रियों के माध्यम से नीचे एसडीएम ऑफिस के अंदर पहुंचाया है। तो यह जांच होनी चाहिए कि हर जगह जो प्रिंटेड फॉर्म आए हैं वे कहां छपे, कौन देकर गया। इसकी फोरेंसिक जांच होनी चाहिए।

**एसआईआर धांधली में मुकदमा दर्ज हो**

घुमरिया ने कहा- मैं बीजेपी से कहना चाहता हूं कि आप जिस तरह लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं तो फिर चुनाव करवाने का नाटक करने की क्या जरूरत है, खुद को वैसे ही जीता हुआ घोषित कर दीजिए। आप उस गरीब व्यक्ति का वोट काट रहे हो, उसकी ताकत छीन रहे हो। एसआईआर धांधली में मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

# जयपुर जिले में बसंत पंचमी से होगा ग्राम उत्थान शिविरों का आगाज़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर जयपुर जिले में शुक्रवार, दिनांक 23 जनवरी 2026 से ग्राम उत्थान शिविरों का शुभारंभ किया जाएगा। प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर आयोजित होने वाले शिविर 23, 24, 25 एवं 31 जनवरी तथा 1 एवं 5 से 9 फरवरी 2026 तक कुल 10 दिवस आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक गिरदावर वृत पर शिविरों का आयोजन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सभी संबंधित विभागों के क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे गिरदावर सर्किल की समस्त ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। आईटी सेवा केन्द्र कालवाड़ (जयपुर), आईटी केन्द्र लाखना (सांगानेर), ग्राम पंचायत भवन अचरोल (आमेर), पंचायत भवन जाहोता (रामपुरा डाबड़ी), पंचायत मुख्यालय फाल्यावास (बस्सी), ग्राम पंचायत कौथून एवं कोटखावदा (चाकसू), पंचायत भवन माधोराजपुरा, पंचायत कार्यालय जैतपुरा (चौमूं), अटल सेवा केन्द्र राडावास (शाहपुरा), अटल सेवा केन्द्र काचरोदा (सांभर लेक), पंचायत समिति जमवारामगढ़ एवं ग्राम पंचायत भवन आंधी, पंचायत भवन मुण्यिागढ़ (किशनगढ़ रेनवाल), अटल सेवा केन्द्र पडासौली (दूदू), पंचायत भवन गिदानी (मौजमाबाद), पंचायत भवन लदाना (फागी) तथा पंचायत कार्यालय बबरेवालों की ढ़ाणी (जोबनेर) में ग्राम उत्थान शिविर आयोजित होंगे।

# किसानों, महिलाओं एवं श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है सरकार–सांसद मंजू शर्मा

## एचसीएम रीपा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक गोपाल शर्मा ने की शिकरत

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** केंद्र व राज्य सरकार किसानों, महिलाओं एवं श्रमिक वर्ग के सर्वांगीण कल्याण के लिए निरंतर और प्रभावी रूप से कार्य कर रही है। सरकार की नीतियों और योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाना है। यह कहना है जयपुर सांसद मंजू शर्मा का।

मंजू शर्मा ने यह बात शुक्रवार को हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान के भगवत सिंह मेहता सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री ने किसान, महिला और श्रमिकों को 1 हजार 590 करोड़ रुपये की सौगात दी है। किसानों की आय बढ़ाने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। इन योजनाओं से न केवल आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है, बल्कि सामाजिक सम्मान और सुरक्षा भी सुनिश्चित हो रही है।

वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री गोपाल शर्मा ने बताया कि सरकार के सतत प्रयासों से प्रदेश एवं देश में समावेशी विकास को नई गति मिलेगी और प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकेगा। इस अवसर पर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा ने गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना, तारबंदी योजना, फार्म पौण्ड योजना एवं कृषि यंत्र योजना के लाभार्थी किसानों को अनुदान राशि का चैक सौंपकर लाभांवित किया। समारोह में वीसी के माध्यम से सिरोही में आयोजित किसान सम्मान निधि के हस्तानान्तरण एवं ग्राम उत्थान शिविर के शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्र में बड़ी तादाद में किसानों, महिलाओं एवं श्रमिकों ने भाग लिया। वहीं, अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर उत्तर श्री मुकेश कुमार मूंड सहित सहकारिता विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर हुआ अनूठा आयोजन

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर (का.स.)।** दिनांक 22 जनवरी 2026, श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के शुभ अवसर पर अजमेर रोड स्थित श्री मंगलम फार्म पर विशाल समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रभु भक्ति की ऐसी बयार बही कि उपस्थित सभी भक्तगण भाव विभोर होकर प्रभु श्री राम एवम् हनुमान जी महाराज के भजनों में अलमस्त होकर झूमने लगे। उपरोक्त समारोह में स्थानीय निवासियों को भी आमन्त्रित किया गया, जिससे समारोह में चार चांद लग गए। समारोह के समापन के अवसर पर परमार्थ एवम् आध्यात्मिक समिति के अध्यक्ष श्री श्याम विजय द्वारा उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। समारोह की सम्पूर्ण जानकारी समिति के उपाध्यक्ष एवम् संयोजक श्री रामावतार माहेश्वरी द्वारा हमारे प्रतिनिधि श्री बनवारी लाल विजय को प्रदान की गई।

उपरोक्त समारोह समिति के सर्वश्री नवल किशोर पारीक, नरेन्द्र कुमार टांक, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, गजेन्द्र कुमार टांक, राधे श्याम सोनी श्रीमती आशा विजय, गायत्री माहेश्वरी, संतोष कंवर शेखावत, सावित्री अग्रवाल, पुष्पा टांक, शोभा टांक, पुष्पा विजयवर्गीय, प्रेमलता राठौड़, यशोदा मिश्रा, बीना जोशी एवम् अन्य प्रमुख पदाधिकारियों एवम् सम्माननीय सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

# केकड़ी में आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** राजस्थान की टीम में छीलावाली की तीन बेटियों का चयन हुआ था। गुरुवार को गांव लौटने पर ग्रामीणों ने डी. जे पर नाचकर और मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। छीलावाली विधालय में आयोजित सम्मान समारोह में खिलाडियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया और नगद पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया।

इस दौरान प्रशिक्षक बाबूलाल यादव, भागीरथ सैनी, समाजसेवी अशोक यादव, नागरमल सैनी, लालबहादुर, सायरमर सैनी, धनसीराम सैनी, पन्नालाल, खेमाराम, गोपाल यादव सहित अनेकों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई

## 'ऑपरेशन प्रवर्तन - सतर्क नागरिक, सुरक्षित शहर' के तहत दो स्थानों पर दबिश

### अवैध गैस रिफिलिंग एवं भंडारण के कारोबार का भंडाफोड़

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा संचालित 'ऑपरेशन प्रवर्तन-सतर्क नागरिक, सुरक्षित शहर' अभियान के तहत अवैध गैस रिफिलिंग एवं भंडारण के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के आधार पर जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम श्री प्रियव्रत सिंह चारण ने तत्काल दो विशेष सतर्कता दलों का गठन कर जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग समय पर दबिश दी।

कार्रवाइयों के दौरान कुल 48 घरेलू गैस सिलेंडर, 03 रिफिलिंग मशीन, 02 इलेक्ट्रॉनिक कांटे, 04 रिफिलिंग पाइप एवं 02 नोजल जब्त किए गए हैं। अवैध गतिविधियों में संलिप्त कुल 02 व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। सतर्कता दल 'ए' द्वारा बंध्या मोड़, गोनेर रोड, लुनियावास जयपुर में कार्रवाई करते हुए मौके से अवैध गैस रिफिलिंग के दौरान 37 घरेलू गैस सिलेंडर, 02 इलेक्ट्रिक मोटर, 04 रिफिलिंग पाइप, 01 इलेक्ट्रिक कांटा, 02 नोजल सहित अन्य उपकरण जब्त किए गए तथा इस प्रकरण में संलिप्त 01 व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई।

इसी क्रम में सतर्कता दल 'बी' द्वारा प्लॉट नं. 57, गायत्री नगर, दुर्गापुरा जयपुर में दबिश देकर 11 घरेलू गैस सिलेंडर, 01 इलेक्ट्रिक मोटर मय रिफिलिंग नोजल पाइप एवं 01 इलेक्ट्रिक कांटा जब्त किया गया तथा यहां भी 01 व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आमजन की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

# बसंत पंचमी पर बाबा की पितांबरी अंग वस्त्र लेने उमड़ेंगे हजारों श्याम भक्त

## ऑस्ट्रेलिया से आए पीले फूलों से महकेगा बाबा का दरबार

बढ़ता राजस्थान



**रींगस (नि.स.)।** बाबा श्याम के प्राचीन मंदिर रींगस मैं आज बसंत पंचमी को बाबा के अंग वस्त्र पितांबरी लेने के लिए हजारों श्याम भक्त दरबार में उमड़ेंगे। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि आज बसंत पंचमी को वर्षों पुरानी परंपरा के तहत भक्त बाबा श्याम के अंग वस्त्र पितांबरी लेने के लिए हजारों की संख्या में प्राचीन मंदिर में उमड़ेंगे। इस दौरान बाबा श्याम की प्रतिमा को ऑस्ट्रेलिया से आए पीले फूलों से महकेगा। मंदिर को बंगाली कारीगरों द्वारा बंगाल हैदराबाद बेंगलुरु जयपुर दिल्ली से आए विशेष फूलों से अलौकिक सजावट की जाएगी। सभी फूल हवाई जहाज से आएंगे।वही राजा पार्क से लेकर निज मंदिर तक पूरे मार्ग को गुब्बारो एवं पीले पर्दों से विशेष रूप से सजाया गया है तथा भेरुजी मोड पर स्थित विशाल तोरण द्वार एवं मंदिर तक आने वाले दोनों रास्तों पर स्थित द्वारा को पीले वस्त्रों से दमकेंगे। कमेटी के विजय सिंह चौहान एवं गजेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि बसंत पंचमी पर पीले रंग का विशेष महत्व है इसलिए बाबा के 151 किलो के केसरिया चावल के साथ 56 भोग भी लगेगा जो भक्तों में वितरण होगा। वही महेंद्र सिंह एवं युवराज सिंह बन्ना ने बताया कि बसंत पंचमी पर प्रात 9:00 बजे भेरुजी मोड़ स्थित तोरण द्वार से श्याम निशान यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली जाएगी। जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष शामिल होंगे। वही इस अवसर पर आने वाले हजारों श्याम भक्तों के लिए दर्शनों की विशेष व्यवस्था की गई है। व्यवस्थाओं के तहत धायल अस्पताल के सामने पार्किंग पीने के पानी की व्यवस्था राजा पार्क के पास मेडिकल कैंप। मंदिर के पास दर्द एवं मौसमी बीमारियों से पीडित व्यक्ति के लिए विश्राम स्थल तथा मंदिर में दर्शनों के लिए विशेष रेलिंग की व्यवस्थाएं की गई है। बाबा श्याम के मंदिर में बसंतोत्सव की तमाम तैयारी पूरी कर ली गई है।

**बसंत पंचमी पर बाबा की पीतांबरी का विशेष महत्व**

रींगस, बसंत पंचमी पर बाबा के पीतांबरी अंग वस्त्र प्राप्त करने का विशेष महत्व है। राहुल सिंह चौहान, योगेंद्र सिंह, मानसिंह चौहान ने बताया कि बाबा के मंदिर में यह परंपरा वर्षो से जारी है। इस दिन बाबा के अंग वस्त्र जिन्हें पीतांबरी कहा जाता है।

**कल यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा को ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराएंगे ग्रामीण**

# महरौली गांव में ग्राम सभा का आयोजन, जल आपूर्ति व सफाई व्यवस्था पर बड़े फैसले

बढ़ता राजस्थान



**रींगस (नि.स.)।** महरौली ग्राम पंचायत के राजीव गांधी सेवा केंद्र में गुरुवार को वार्डपंच शंकर सिंह फौजी की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित हुई। इसमें ग्राम छीलावाली में जल जीवन मिशन के तहत डाली गई पाइपलाइन को लेकर गंभीर सवाल उठे। ग्रामीणों ने बताया कि महरौली के पीरका बास से छीलावाली की नालवाली ढाणी में मात्र दो-तीन घरों को जलदाय विभाग की टंकी से जोड़ दिया गया है, जबकि अन्य ढाणियों में अब तक जल आपूर्ति शुरू नहीं हुई है, जो न्यायसंगत नहीं है। इस पर ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जब तक पूरे राजस्व ग्राम में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक इन कनेक्शनों को बंद रखा जाए। साथ ही गलत तरीके से कनेक्शन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का खर्च ग्राम पंचायत द्वारा वहन करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। सभा के दौरान सैकड़ों ग्रामीण राजीव गांधी सेवा केंद्र पहुंचे और जल जीवन मिशन के तहत बिना सहमति किए गए कनेक्शनों के विरोध में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जलदाय विभाग पर गलत तरीके से कनेक्शन जोडने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। सभा में ग्राम पंचायत महरौली की दैनिक सफाई व्यवस्था की कड़ी आलोचना हुई। विशेषकर नालियों की सफाई नहीं होने पर आरके कंस्ट्रक्शन कंपनी (भांकरोटा) के अक्टूबर-नवंबर माह के भुगतान पर रोक लगाने, जुर्माना लगाने और शीघ्र नोटिस जारी कर व्यवस्था सुधारने का प्रस्ताव पारित किया गया। ग्राम सभा में नवसृजित ग्राम छीलावाली में पंचायत भवन निर्माण, वार्ड नंबर 5 में सार्वजनिक टंकी निर्माण, वार्ड नंबर 1 व 2 में पानी की सुचारू सप्लाई सहित कुल 10 प्रमुख विकास प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि शुक्रवार को महरौली में सडक़ शिलान्यास समारोह के दौरान क्षेत्रीय विधायक एवं यूडीएच मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा के समक्ष जल पाइपलाइन मामले को लेकर विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा जाएगा। सभा में सरपंच विमला देवी, ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र सैनी, प्रशासक प्रतिनिधि सुरेश झाझडिया, पूर्व उपसरपंच राजू फौजी, मनोज झाझडिया, गंगा सिंह, लालबहादुर सैनी, गजानंद सैनी, आर्यन, मोहनलाल सैनी, हजारीलाल सैनी, वार्ड पंच रामचंद्र, सुरेश झाझडिया, दीपक, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जय सिंह, महेश, सत्येंद्र सिंह, मदन सिंह, मोहम्मद ईशाक खान, हनुमत सिंह, अशोक यादव, सुभाष सैनी, रामकिशोर देवदा, बंशीधर देवदा झाबरमल झाझडिया, सागरमल जाट, विनोद वर्मा, विक्रम सिंह, नरपत सिंह, राजेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, उदय सिंह, प्रेमचंद हरिजन, रवि हरिजन और सरिता मीणा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राजस्थान के छात्रों को एआई से जोड़ रहा रिलायंस जियो

## गूगल जैमिनी और जियो एआई क्लासरूम के जरिए छात्रों को मिल रहा भविष्य की तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर(का.स.)।** रिलायंसजियोएडवांस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक को आम लोगों तक पहुंचाने की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रहा है। इसी क्रम में जियो राजस्थान के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में जाकर छात्रों को गूगल जैमिनी एआई, जियो एआई क्लासरूम और अन्य अत्याधुनिक एआई टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यह पहल अब तक राज्य में 1,000 से अधिक स्कूलों और उच्च शिक्षण संस्थानों तक सफलतापूर्वक पहुंच चुकी है। इस कार्यक्रम के तहत राज्य के प्रमुख जिलों के कई स्कूलों और कॉलेजों में एआई कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। हाल ही में जयपुर, सीकर और जोधपुर जैसे जिलों में स्थित शैक्षणिक संस्थानों में एआई कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। इन कार्यशालाओं में यह बताया गया कि छात्र नोटबुक एलएम जैसे एआई टूल्स का उपयोग नोट्स तैयार करने, असाइनमेंट लिखने, कोडिंग, प्रोजेक्ट आइडिएशन, डिजाइन, इंटरव्यू की तैयारी सहित व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के लिए कैसे कर सकते हैं। डिजिटल स्किल्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जियो अपने सभी अनलिमिटेड 5जी उपभोक्ताओं को 35,100 रुपये मूल्य का 'गूगल जैमिनी प्रो प्लान' 18 महीनों के लिए पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध करा रहा है, जिसे माय जियो एप के माध्यम से एक्टिवेट किया जा सकता है। इसके अलावा, युवाओं के कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए जियो ने चार सप्ताह का मुफ्त ऑनलाइन 'जियो एआई क्लासरूम' भी शुरू किया है।

## सम्पादकीय

# बैर बढ़ाता बांग्लादेश

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम भारत न भेजने का फैसला कर खुद को न केवल टी-20 विश्व कप से बाहर होने की कगार पर खड़ा कर लिया, बल्कि भारत के प्रति अपने अंधविरोध को भी प्रकट कर दिया। अपनी टीम को भारत न भेजने का फैसला जिस तरह वहां की अंतरिम सरकार के खेल सलाहकार ने सुनाया, उससे यही स्पष्ट होता है कि सरकार ने ही बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को इसके लिए विवश किया कि वह खेल भावना का परिचय देने के स्थान पर भारत विरोधी भावनाएं भडक़ाने वाले काम करे। अब इसमें भी कोई संदेह नहीं रह जाता कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की कमान संभाले मोहम्मद यूनुस और उनके सहयोगी यही चाह रहे हैं कि चुनाव के मौके पर बांग्लादेश में भारत विरोधी माहौल बना रहे। इससे यही संकेत मिलता है कि यदि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में शामिल तत्व चुनाव बाद बनने वाली सरकार में आए तो वे भारत विरोध की राह पर चलते रहेंगे। इससे भारत की चुनौती बढ़ सकती है। अभी भी चुनौतियां कम नहीं हैं, क्योंकि वहां न केवल भारत विरोधी भावनाओं को भडक़ाने का काम जारी है, बल्कि हिंदुओं की हत्याओं का सिलसिला भी कायम है। यह भी साफ ही है कि इन हत्याओं पर बांग्लादेश सरकार तनिक भी संवेदनशील नहीं। बांग्लादेश ने भारत में अपनी टीम न भेजने का फैसला इस बहाने लिया कि आइपीएल की टीम केकेआर ने उसके क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज कर दिया। अच्छा होता कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इसकी नौबत नहीं आने देता और आइपीएल की नीलामी में बांग्लादेशी क्रिकेटरों को शामिल ही नहीं करता। मुस्तफिजुर को केकेआर से अलग करने के फैसले को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भारत विरोध का जरिया बना लिया। इसमें वहां की सरकार भी शामिल हो गई और वह भी तब जब उसके क्रिकेटर टी-20 विश्व कप में शामिल होने के इच्छुक थे। दुर्भाग्य से ऐसी इच्छा प्रकट करने वालों को भारत का एजेंट कहकर लांछित किया गया और यह भुला दिया गया कि यदि उसकी टीम टी-20 विश्व कप में हिस्सा नहीं लेती तो इसके दुष्परिणाम उसके क्रिकेटरों को ही भोगने पड़ेंगे। वे अंतराष्ट्रीय स्तर के प्रतिस्पर्धी माहौल के साथ आर्थिक लाभ से भी वंचित होंगे। आर्थिक हानि उसके क्रिकेट बोर्ड को भी उठानी पड़ेगी। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बहकावे में आ गया। पाकिस्तान ने बांग्लादेश को इसके



लिए खूब उकसाया कि वह भारत में खेलने से मना करे। अच्छा हो कि बांग्लादेश को यह समझ आ जाए कि यदि वह अपनी टीम भारत न भेजने के फैसले पर अड़ा रहा तो आइसीसी के पास उसकी जगह स्काटलैंड को शामिल करने के अलावा और कोई उपाय नहीं रहेगा।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 23 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 2020 - अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने एक महत्वपूर्ण आदेश में म्यांमार से रोहिंग्या आबादी को सुरक्षा देने को कहा।
- ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने ब्रिटिश सरकार के ब्रेक्जिट कानून को मंजूरी दी।
- गृह मंत्रालय ने 'सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार' 2020 के विजेताओं की घोषणा की।
- भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत 80वें स्थान पर आ गया जबकि साल 2018 में 78वें स्थान पर था। डेनमार्क और न्यूजीलैंड संयुक्त रूप से शीष पर बने हुए हैं।
- 2009- फ़िल्मी और टेलीविजन कार्यक्रमों में धूम्रपान दृश्यों पर लगा प्रतिबंध समाप्त हो गया।
- 2008- खाड़ी क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा ने बहरीन में अपना पूर्ण परिचालन शुरू करने की योजना बनायी।
- अभियात्रीकी कंपनी लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड की पश्चिमी एशिया से 1057 करोड़ रुपये का आर्डर मिला।
- ईरान के ख़िलाफ़ तीसरा प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विश्व की महाशक्तियों के बीच सहमति बनी।
- 2007 - भारत एवं रूस के बीच मध्यम आकार के बहुउद्देश्सीय परिवहन विमान के उत्पादन हेतु एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर हुए।
- 2006 - भारत ने पाक को सर्वाधिक वरीयता प्राप्त राष्ट्र का दर्जा देने की सिफारिश को मंजूर कर लिया।
- 2005 - उत्तर प्रदेश के फिरोज़ाबाद में सेना के जवानों ने फरक्का एक्सप्रेक्स से 6 लोगों को बाहर फेंक दिया। 5 लोग मरे व एक घायल हुआ।
- 2004 - मध्यप्रदेश में गोवंश वध पर पूर्णतया प्रतिबंध लागू।
- 2003 - नेपाल की चार प्रमुख पार्टियों का राजशाही द्वारा निर्वाचित सरकार को बर्ख़ास्त कर लोकेन्द्र बहादुर चंद के नेतृत्व में बनायी गयी सरकार का संयुक्त रूप से विरोध।

## विशेष आलेख

# भारत का गणतंत्र दिवस एक नई वैश्विक व्यवस्था की ओर संकेत...



विवेक वैशणव

## खुद को 'विश्व बंधु' के रूप में स्थापित कर चुका है भारत

भारत का 77वां गणतंत्र दिवस (2026) केवल एक राष्ट्रीय उत्सव नहीं है बल्कि विश्व पटल पर भारत की बढ़ती शक्ति, कूटनीतिक कौशल और सांस्कृतिक प्रभुत्व का प्रतीक है। वर्तमान समय में जब पूरी दुनिया भू-राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक बदलावों से गुजर रही है वही दूसरी ओर भारत का गणतंत्र दिवस एक नई वैश्विक व्यवस्था की ओर संकेत करता है। भारतीय गणतंत्र दिवस का महत्व केवल दिल्ली के 'कर्तव्य पथ' तक सीमित नहीं है बल्कि यह ''विकसित भारत 2047'' के संकल्प और वैश्विक व्यवस्था में भारत के एक 'धुरी' के रूप में उभरने का प्रतिबिंब है। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस की सबसे बड़ी विशेषता यूरोपीय संघ के साथ भारत के प्रगाढ़ होते संबंध हैं। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन की गरिमामयी उपस्थिति यह दर्शाती है कि भारत अब यूरोप के लिए केवल एक व्यापारिक भागीदार नहीं है बल्कि एक अनिवार्य सामरिक सहयोगी है। यह उपस्थिति एक ऐतिहासिक कूटनीतिक बदलाव को दर्शाती है। गणतंत्र दिवस के तुरंत बाद होने वाला 16वां भारत-ईयू शिखर सम्मेलन मुक्त व्यापार समझौते और तकनीक साझा करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होने वाला है। दुनिया भी अब चीन पर निर्भरता कम करना चाहती है। गणतंत्र दिवस पर ईयू के नेताओं की मौजूदगी यह संदेश देती है कि भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का सबसे विश्वसनीय विकल्प है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए भारत और यूरोप अब एक साझा सुरक्षा विजन पर काम कर रहे हैं। गणतंत्र दिवस 2026 में यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व की भागीदारी भारत की कूटनीति के लिए एक 'मास्टर स्ट्रोक' मानी जा रही है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत का गणतंत्र दिवस उन देशों के लिए एक मिसाल है जो विविधता और लोकतंत्र के बीच संतुलन खोज रहे हैं। भारत यह सिद्ध कर रहा है कि इतनी बड़ी जनसंख्या और विविधता के बावजूद लोकतंत्र न केवल जीवित रह सकता है, बल्कि फल-फूल भी सकता है। अयोध्या में राम मंदिर और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर जैसे प्रोजेक्ट्स के बाद भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक विकास के साथ जोडक़र पेश कर रहा है। वैश्विक विशेषज्ञों और व्यापारिक मंचों पर भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर देखा जा रहा है। आज के दौर में भारतीय गणतंत्र दिवस वैश्विक दक्षिण की आवाज बनने और एक बहुध्रुवीय दुनिया में संतुलनकारी शक्ति के रूप में भारत की भूमिका को पुख्ता करता है।

भारत अपनी सांस्कृतिक जड़ों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिला रहा है। इस वर्ष की थीम 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में है। यह विश्व को भारत के स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों और राष्ट्रवाद की एक सकारात्मक छवि दिखाता है। गणतंत्र दिवस पर प्रदर्शित होने वाली विभिन्न राज्यों की झांकियां न केवल संस्कृति, बल्कि भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास की प्रगति को भी वैश्विक निवेशकों के सामने प्रस्तुत करेगी। कर्तव्य पथ पर होने वाली परेड अब केवल हथियारों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि भारतीय रक्षा उद्योग की आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। पिछले वर्ष आतंकवाद के खिलाफ की गई सटीक कार्रवाई के बाद यह परेड भारत की ''सख्त नीति'' और अपनी सीमाओं की रक्षा करने की संप्रभुता क्षमता को दुनिया के सामने पेश करती है। ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली, आकाश मिसाइल, और 'भैरव' लाइट कमांडो बटालियन का डेब्यू भारत के स्वदेशी तकनीक की आधुनिक युद्ध कौशल की तैयारी को दर्शाता है। परेड में प्रदर्शित पिनाका राकेट सिस्टम और तेजस विमान अब कई देशों की रक्षा पंक्ति का हिस्सा बनने जा रहे हैं। भारत खुद को 'विश्व बंधु' के रूप में स्थापित कर चुका है। भारत ने अफ्रीकी संघ के स्थायी सदस्यता दिला के जो नेतृत्व शुरू किया था उसकी झलक इस गणतंत्र दिवस की झांकियों में दिखेगी। भारत आज उन देशों की आवाज बन चुका है जिनकी बात वैश्विक मंचों पर अनसुनी कर दी जाती थी। इस वर्ष रक्षा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिज के एकीकरण का प्रदर्शन किया गया जिसमें स्वायत्त ड्रोन और स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम शामिल हैं जो वैश्विक रक्षा मानकों को टक्कर दे रहे हैं। 'इंटरनेशनल सोलर एलायंस' के माध्यम से भारत जलवायु परिवर्तन की लड़ाई में दुनिया का मार्गदर्शन कर रहा है। पीआई और आधार जैसे मॉडल्स को अब दक्षिण-पूर्वी एशिया और अफ्रीका के कई देश अपना रहे हैं। सांख्यिकीय आंकड़ों के अनुसार, भारत इस वर्ष दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दहलीज पर है जो वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। भारत अपनी 'सॉफ्ट पावर' का उपयोग कर दुनिया को एक नई राह दिखा रहा है। आज का भारत एक ऐसी शक्ति है जो न तो किसी के दबाव में झुकता है और न ही किसी के खिलाफ आक्रामक है। यह एक 'संयमित महाशक्ति' के रूप में विश्व शांति और विकास का पक्षधर है। भारत ने यूरोप को यह समझाने में सफलता पाई है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए भी एक विश्वसनीय साझेदार हो सकता है। यूरोप अब रक्षा और ऊर्जा के लिए भारत को एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में देख रहा है। ईयू की 'ग्लोबल गेटवे' पहल और भारत की 'गति शक्ति' योजना के बीच तालमेल बैठाया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर निर्माण और टिकाऊ बुनियादी ढांचे में निवेश करना है। भारत अब अंतरिक्ष में अपने स्वयं के स्पेस स्टेशन की योजना बना रहा है जो उसे अमेरिका और चीन की श्रेणी में खड़ा कर देता है। रक्षा के साथ-साथ, 2026 में भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम 'गगनयान' अपने अंतिम चरण में है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपको अपने अच्छे कामों को लेकर कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। आपके बॉस आपके कामों से काफी खुश रहेंगे।

**वृष**

आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िय़ा रहने वाला है। आज आपको प्रमोशन आदि मिलने से उनका मन काफी खुश रहेगा और उनकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी नयी प्रॉपर्टी की खरीदारी की योजना बनाएंगे और विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। आप अपने रहन-सहन को बेहतर करने की कोशिश करेंगे, जिसमें आपका खर्चा भी अधिक होगा।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए सामाजिक कार्यक्रमों से जुडक़र नाम कमाने के लिए रहेगा। आपने यदि किसी से कर्ज लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप संतान की नौकरी से संबंधित किसी काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते है।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए थोड़ा नुकसानदायक रहने वाला है, क्योंकि आपकी जल्दबाजी के कारण आप कुछ मुश्किलों में पड़ सकते हैं। यदि आपने किसी प्रॉपर्टी को लेकर कोई सौदा किया, तो वह आपके लिए समस्याएं खड़ी करेगा।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से समस्याएं खड़ी करेगा, क्योंकि आप अपने खान-पान पर कंट्रोल न करने के कारण पेट संबंधित समस्याओं को बढ़ावा दे सकते हैं।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती हैं। आप अपनी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर ही व्यय करें।

**मकर**

आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। बिजनेस की योजनाएं आपको पहले से बेहतर लाभ देंगी और आप किसी पर भरोसा बहुत ही सोच विचारकर करेंगे।

**कुंभ**

आज आपका किसी नए घर की खरीदारी का सपना पूरा हो सकता है। आपको अपनी काम को लेकर पूरी मेहनत दिखानी होगी और किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए किसी बहसबाजी से दूर रहने के लिए रहेगा, क्योंकि इससे ही आपकी मुश्किलें बढ़ेंगी। संतान को आप पढ़ाई -लिखाई को लेकर कहीं बाहर भेज सकते हैं।

# 'बसंत पंचमी विशेष'

*वृन्दावन के श्री बांकेबिहारी और शाह जी के मंदिरों के बसंती कक्ष खुलते हैं। बसंती भोग लगाए जाते है और बसंत राग गाए जाते हैं। बसंत ऋतु से होली तक मन मौज.मस्ती, हंसी ठिठोली, रंग, अबीर, गुलाल और ढोल-मंजीरे की थाप पर प्रफुल्लित हो उठता है। स्नेह के रंग मंजीरे की थाप पर प्रफुल्लित हो उठता है।*



विजयलक्ष्मी व्याख्याता (इतिहास)
राजकीय उच्च माध्यलमक विद्यालय
खेड़ली सैयद, अलवर

ना बर्फीली सर्दियों का कोहरा, ना गर्मी की तपन और ना ही वर्षा की उमस..आमों में आती मंजरियां..मुस्कुराती नवजात कलियां.. नव पल्लव करते किलोल कोयल की कुहू..पपीहे की पीहू..गुनगुनाते हुए भंवरे.. मंद मंद शीतल समीर के झोंके..पीले-पीले स्वर्णाभूषणों रूपी सरसों के फूलों से लहलहाती धरती.. केसरिया पुष्पों से लदी टेसू की झाडियां.. ग्राम चौपालों पर गुनगुनाते फाग गीत.. नवजीवन.. नवचेतना.. ऊर्जा और उल्लास का प्रतीक सभी ऋतुओं में मनोहर व श्रेष्ठ ऋतुराज बसंत.. श्रीमद्भगवद्गीता के दसवे अध्याय के पैंतीसवे श्लोक में भगवान् श्रीकृष्ण कहते है ऋतूनां कुसुमाकरःए श्जो ऋतुओं में कुसुमाकर अर्थात वसंत है, वह मैं हूँ। माघ महीने की शुक्ल पंचमी अर्थात् बसंत पंचमी से वसंत ऋतु का आरंभ होता है। इसी दिन से ग्रामीण अंचलों में फागें गाना शुरू हो जाती है। बड़े बुजुर्ग भी बसंत के आगमन की खुशी में उत्साह और जोश से भरपूर नजर आते हैं। बसंत ऋतु में श्रृंगार रस की प्रधानता है और रति इसका स्थायी भाव है, इसीलिए बसंत के गीतों में छलकती है मादकता, यौवन की मस्ती और प्रेम का माधुर्य। भगवान् श्री कृष्ण बसंत पंचमी उत्सव के अधि-देवता हैं अतः ब्रज में यह उत्सव विशेष उल्लास और बड़ी धूम-धाम से मनाया जाता है। सभी मंदिरों में उत्सव और भगवान के विशेष श्रृंगार होते हैं। वृन्दावन के श्री बांकेबिहारी और शाह जी के मंदिरों के बसंती कक्ष खुलते हैं। बसंती भोग लगाए जाते है और बसंत राग गाए जाते हैं। बसंत ऋतु से होली तक मन मौज.मस्ती, हंसी ठिठोली, रंग, अबीर, गुलाल और ढोल-मंजीरे की थाप पर प्रफुल्लित हो उठता है। स्नेह के रंग मंजीरे की थाप पर प्रफुल्लित हो उठता है। स्नेह के रंग में समूचा संसार ही रंगमय नजर आता है। साथ ही बसंत पंचमी सरस की स्वामिनी अर्थात रसपूर्ण दिव्य भावों को प्रदान करने वाली, विद्या, ज्ञान-विज्ञान, कला और संगीत की अधिष्ठात्री देवी, चंद्रमा की भांति गौर वर्ण मां सरस्वती की पूजा आराधना का भी विशिष्ट दिन है। यह दिन विद्या आरम्भ के लिए शुभ है अतः हिन्दू रीति के अनुसार बच्चों को उनका पहला अक्षर आज के दिन लिखना सिखाया जाता है। संपूर्ण भारत में स्कूल और कॉलेजों में सरस्वती जयंती उत्सव के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। बच्चे बसंती.पीले वस्त्र पहनते हैं। पीले रंग के फूल और पीले रंग की मिठाइयों को देवी सरस्वती के समक्ष चढ़ाया जाता है। शिक्षक और छात्र सभी मिल-जुलकर पूजा में हिस्सा लेते है। शिक्षाविद् इस दिन मां शारदे की पूजा कर उनसे और अधिक ज्ञानवान होने की प्रार्थना करते हैं, तो कलाकार, चाहें वे कवि हों या लेखक, गायक हों या वादक,नाटककार हों या नृत्यकार, वे सब इस दिन का प्रारम्भअपने उपकरणों की पूजा और मां सरस्वती की वंदना से करते हैं। साहित्यकारों के लिए बसंत प्रकृति के सौन्दर्य और प्रणय के भावों की अभिव्यक्ति का अवसर है।

किसलय-वसना नव-वय-लतिका,
मिली मधुर प्रिय-उर तरु-पतिका,
मधुप-वृन्द बन्दी-
पिक-स्वर नभ सरसाया..
सखि वसन्त आया ।

## रूपक शर्मा | बढ़ता राजस्थान

### आवारा कौआ

एक बरगद का पेड़ शायद हजारों साल पुराना रहा होगा उस पेड़ को दुनिया भर के पक्षियों ने अपना ड़ेरा बनाया हुआ था। वहां विभिन्न प्रजातियों के पक्षी रहते थे। लम्बा चौड़ा वृक्ष होनें के कारण पक्षियों के लिए वो किसी अपाटमेंट से कम तो नही था। ऐसे में उसी वृक्ष पर एक आवारा कौआ भी रहता था। जोकि आवारा टाईप का था जिसे हमेशा उस बूढ़े वृक्ष से शिकायत रहती थी। कि इसके पत्ते जमीन पर ही बिखरे रहते हैं, हवां के समय इसके पत्ते फडफडाहट करते हैं सदा,कानों में इसके पत्ते की आवाजें गूंजती रहती हैं। जगह जगह से सूखा पड़ा है,बदरंग सा है ये पेड़, कई जगह से टहनियां टूटी हुई पड़ी हैं इसकी और इतना पागल है ये, इतने सारे पक्षियों के रहने के लिए घौंसले दिये हुए हैं इसने, इसके कान में भी दर्द नहीं होता क्या शाम के समय चीचाहट के कारण? बूढ़ा सा- बांका सा एक तरफ झुका सा पड़ा रहता है। एक दिन अचानक बहुत भयानक तूफान आया वही बरगद का वृक्ष जड़ सहित उखड़ गया और पूरा का पूरा धड़ाम से जमीन पर आ गिरा। तूफान शांत होते ही गांव भर के लक्कडहारें कुल्हाड़ी लिए आए और उस पेड़ को काट काट कर ले गए। दूसरे दिन विशाल बरगद के वृक्ष का अस्तित्व ही खत्म हो गया। जहां पेड़ खड़ा था वहां एक गढ्डा रह गया जो ये बता रहा था कि यहां कभी एक विशाल पेड़ खड़ा हुआ था। आवारा कौवा जोकि हमेशा उस बूढ़े वृक्ष पर ताने कसता था आज अपने बसरे के लिए जगह ढूंढ रहा था,सारे पक्षी इधर उधर भटक रहे थे। सबकी आँखे नम थी लेकिन आवारा कौआ खुद को बेबस सा फील कर रहा था। अब उसके ताने सुनने वाला भी कोई न था............. मित्रों ये बूढ़ा बरगद का वृक्ष ओर कोई नहीं हमारे घर के बुर्जुग हैं,तूफान कोई नहीं समयबद्ध आने वाली मृत्यु का वो क्षण है,लक्कडहारे कोई ओर नहीं बस्ती के लोग हैं जो दाहसंस्कार में इंसान को लेकर जाते हैं लेकिन खाली हाथ आते हैं और आवारा कौआ ओर कोई नहीं अपने घर के बुजुर्गो को बोझ समझने वाला इंसान है जिसे ये आभास तब होता है जब घर के बुजुर्ग गुजर जाते हैं इस जहां से................



रूपक शर्मा
संपादकीय प्रभारी,अलवर

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# क्या केला और कपूर खाने से सच में ठीक हो जाता है बवासीर? जानें सेवन का सही तरीका

**बवासीर में केला और कपूर कैसे फायदेमंद है?**

केला और कपूर का सेवन बवासीर के लिए प्राचीन उपायों में एक है। लेकिन ध्यान रहे कि इसके लिए आपको भीमसेनी कपूर का प्रयोग करना है। इन दोनों का एक साथ सेवन बवासीर के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। दरअसल, केले में फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जो पाचन तंत्र को सुधारने में मदद करता है। यह एक नेचुरल लैक्सेटिव के रूप में काम करता है, जो मल को नरम कर बाहर निकालने में मदद करता है। साथ ही, यह आंतों को आराम देने में भी मददगार होता है। वहीं, भीमसेनी कपूर कब्ज को दूर करने और बवासीर के घाव को भरने में मदद मिलती है।

**बवासीर में केला और कपूर कैसे खाएं?**

बवासीर के लिए केले और भीमसेनी कपूर का सेवन सुबह के समय करना चाहिए। इसके लिए एक पके हुए केले को अच्छी तरह मैश कर लें। अब उसमें भीमसेनी कपूर डालकर अच्छी तरह मिला लें। फिर इसको निगल लें। इससे बवासीर के लक्षणों को काफी हद तक कम करने में मदद मिल सकती है।

**साधारण कपूर खाने की ना करें गलती**

ध्यान रखें कि असली भीमसेनी कपूर का ही इस्तेमाल करें। साधारण कपूर खाने के लिए नहीं होता है। इसमें कई विषाक्त पदार्थ होते हैं, जो आपको गंभीर रूप से बीमार कर सकते हैं। इसलिए गलती से भी साधारण कपूर का सेवन न करें। अगर आपने गलती से साधारण कपूर खा लिया है, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## सीएम किसान सम्मान निधि के तहत 5वीं किश्त का हुआ हस्तांतरण



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** टोंक के जिला परिषद सभागार में गुरुवार को सीएम किसान निधि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण का आयोजन किया गया। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा सीएम किसान सम्मान निधि योजना की 5वीं किश्त का पात्र किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया गया। टोंक जिले में 2 लाख 42 हजार किसानों के खातों में 24.20 करोड़ रूपये की राशि का हस्तांतरण हुआ। इस दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, सीईओ परशुराम धानका, जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, कुषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेन्द्र सिंह सोलंकी समेत बड़ी संख्या में जिले के किसान एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहें।

## राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 26 जनवरी तक आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न कार्यक्रमों,गतिविधियों के ध्येय वाक्य श्स्वतंत्रता का मंत्र-वन्देमातरमश् एवं समृद्धि का मंत्र-आत्म निर्भर भारतश् को लक्षित करके ही सम्पूर्ण गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। जिससे प्रत्येक जिले वासी के मन में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार हो। जिला कलेक्टर ने सम्पूर्ण आयोजन की गतिविधियों को सफल बनाने के लिए सभी जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों और सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिए कि 26 जनवरी से पूर्व सभी राजकीय कार्यालयों में वृहद स्तर पर वन्देमातरम का गायन किया जाएं। उन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित हाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान ही वन्देमातरम का गायन करवाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को जिलेभर के सभी विद्यालयों में आयोजित होने वाली मेगा पैरेंट टीचर मीट में वन्देमातरम से सम्बन्धित गतिविधियां, प्रभात फेरी स्वदेशी संकल्प, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पुष्पांजलि एवं जीवन वृत का वाचन का आयोजन होगा। इसी तरह 24 जनवरी को निबंध, डिबेट, क्विज, रंगोली और पेंटिंग जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन सभी विद्यालयों और कॉलेजों में किया जाएगा। कृषि ऑडिटोरियम में वंदे मातरम थीम पर सायं 6. 00 बजे सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी। जिला कलेक्ट्रेट में वंदे मातरम एवं देश भक्ति गीतों पर आधारित बैंड वादन पुलिस विभाग द्वारा किया जाएगा। 25 और 26 जनवरी को वंदे मातरम् थीम आधारित प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। साथ ही सेल्फी कैंपेन, वंदे मातरम रन भी आयोजित होगी।

## 23,24 एवं 25 जनवरी को यहां लगेगे शिविर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार एकदिवसीय विशेष ग्राम उत्थान शिविर उपखंडवार गिरदावर सर्किल पर शुक्रवार से आयोजित होंगे। शिविर के नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया ने बताया कि 23 जनवरी को उपखंड टोंक में कस्बा टोंक, पीपलू में रानोली, निवाई में राहोली व बनस्थली, मालपुरा में नगर, देवली में आंवा, चांदली व धुआंकला, उनियारा में अलीगढ एवं टोडारायसिंह में उनियाराखुर्द में शिविर आयोजित होंगे। शनिवार, 24 जनवरी को उपखंड टोंक में बमोर, पीपलू में नानेर, निवाई में डांगरथल व रजवास, मालपुरा में चांदसेन व लाम्बाहरिसिंह, देवली में राजमहल व बोसरिया, उनियारा में खातोली, टोडारायसिंह में मोर में शिविर आयोजित होंगे। इसी तरह रविवार,25 जनवरी को उपखंड टोंक में घांस, पीपलू में सोहेला, उपखंड निवाई में निवाई, मालपुरा में गनवर, देवली में नासिरदा व नगरफोर्ट, उनियारा में चौरु व पचाला एवं टोडारायसिंह में मांदोलाई में शिविर आयोजित होंगे।

## राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की कार्यशाला संपन्न




बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारियों की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें राष्ट्रीय समन्वयक महेंद्र बौद्ध, पूर्व गृहमंत्री मध्यप्रदेश राजेश शेरशिया व पूर्व केबिनेट मंत्री ममता भूपेश सहित कई पदाधिकारियों द्वारा कांग्रेस की विचारधारा को लेकर कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की। इस दौरान कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग राजस्थान के प्रदेश सचिव रामप्रसाद परिडवाल ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए आभार व्यक्त किया।

## एलुमनी मीट, अंतरराष्ट्रीय वार्ता, मेगा पीटीएम व निपुण मेला आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 23 जनवरी को राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार मेगा पीटीएम, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय वार्ता व निपुण मेले का आयोजन होगा। प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने बताया कि निपुण मेले को लेकर एल्यूमिनी मीट का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें विद्यालय के पूर्व छात्र जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित की है उनका सम्मान किया जाएगा। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय वार्ताकार के रूप में पूर्व संभागीय आयुक्त डॉ. धर्मेंद्र भटनागर, कर्नल राजाराम सहित अन्य एल्यूमिनी विद्यार्थियों से रूबरू होंगे।


# केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के क्षेत्रीय प्रशिक्षण मे प्रधान आरक्षक के 7 वें बैच की दीक्षांत परेड का आयोजन हुआ

## खेल के मैदान से सुरक्षा की अग्रिम पंक्ति तक 324 जांबाजों ने ली शपथ

बढ़ता राजस्थान



समारोह में कैबिनेट मंत्री मनसुख मांडविया ने की शिरकत



**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** गुरुवार को यहां केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल देवली के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, में प्रधान आरक्षक के 7 वें बैच की दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया। इस दीक्षांत समारोह के साथ ही 324 प्रधान आरक्षक राष्ट्र की सुरक्षा के लिए समर्पित हो गए।

इस दीक्षांत समारोह के 7 वे बेच मे 171 महिला प्रधान आरक्षक शामिल रही हैं। तो वही 7 वे बेच मे सैनिक महिलाओं ने कंधे से कंधा मिलाकर अपना कठिन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री मनसुख मांडविया (श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय) रहे । इससे पहले ष्द्वह्यद्घ के महानिदेशक प्रवीर रंजन ने केंद्रीय कैबिनेट मंत्री की अगवानी की । समारोह अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन और कर्तव्य की शपथ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र देवली के प्राचार्य नरेंद्र देव आनंद ने दिलाई है। जानकारी के अनुसार यह पूरा बैच स्पोर्ट्स कोटा के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों से चुना गया था।, जिसमें 30 अलग-अलग खेलों के खिलाड़ी शामिल हुऐ थे। प्रशिक्षण के दौरान इन खिलाडियों को औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन, विमानन सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, वीआईपी सुरक्षा, नेतृत्व विकास और सॉफ्ट स्किल्स सहित महत्वपूर्ण विषयों का गहन अध्ययन कराया गया है ।साथ ही जवानों को शहरी अभियानों, जंगल युद्ध और आधुनिक हथियारों के संचालन का सामरिक प्रशिक्षण देकर हर परिस्थिति के लिए तैयार किया गया है इस समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण में अव्वल रहे जवानों को पुरस्कृतभी किया। इस दौरान रिया भाटी को 'ऑल-राउंड सर्वश्रेष्ठ' घोषित किया गया। मुस्कान को इनडोर प्रशिक्षण, चिम्पी गोगोई को आउटडोर प्रशिक्षण और आकाश एस को फायरिंग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। पूरी परेड का नेतृत्व परेड कमांडर वंशिका शेखावत ने की। इस अवसर पर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें अपर महानिदेशक विजय प्रकाश, महानिरीक्षक (प्रशिक्षण खंड) वी. खामो, उप महानिरीक्षक (प्रशिक्षण) विनय काजला, उप महानिरीक्षक (आसूचना) अजय दहिया और वरिष्ठ समादेष्टा सुधीर कुमार शामिल थे। नागरिक प्रशासन की ओर से जिला कलक्टर टोंक कल्पना अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक टोंक राजेश कुमार और उप-खंड अधिकारी रूबी अंसार, देवली डीएसपी हेमराज, थाना प्रभारी दौलतराम गुर्जर, हनुमाननगर थाना प्रभारी गणेश मीणा भी उपस्थित रहीं। दीक्षांत परेड के अंत में प्रशिक्षणार्थियों के परिवार के सदस्यों ने अपने बच्चों को वर्दी में देख गौरव महसूस किया। यह समारोह क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र देवली की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा, जिसके माध्यम से वह देश की महत्वपूर्ण अवसंरचनाओं की सुरक्षा के लिए सक्षम अधिकारी तैयार कर रहा है।

## शिक्षा के क्षेत्र में भामाशाह व पूर्व छात्रों का रहे योगदान-रामसहाय वर्मा

### विधायक रामसहाय वर्मा ने किया संविधान कक्ष , बाल वाटिका व 4 नए कक्षा कक्षों का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में वार्षिकोत्सव एवं लोकार्पण समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार के लिए बाल वाटिका, नवनिर्मित चार कक्षा कक्ष व एक विशेष संविधान कक्ष का मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा व अध्यक्षता कर रहे नगर पालिकाध्यक्ष ने फीता काटकर लोकार्पण किया। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि संविधान कक्ष के माध्यम से विद्यार्थी देश के बुनियादी कानूनों व लोकतांत्रिक मूल्यों को करीब से समझ सकेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम श्री विद्यालय विकास के नए सोपान लिख रहा है। उन्होंने कहा कि निवाई विद्यालय से निकले हुए सभी पूर्व विद्यार्थी इससे और आगे बढने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि बाल वाटिका के नए कमरों से छोटे बच्चों को बेहतर वातावरण मिलेगा। समारोह की अध्यक्षता कर रहे हैं नगर पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने सभी विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि नगरपालिका द्वारा विद्यालय के लिए प्रताप स्टेडियम के विकास कार्य हेतु 2 करोड रुपए, विद्यालय में सीसी रोड व इंटरलॉकिंग टाइल, प्रार्थना स्थल हेतु डोम के निर्माण, सुलभ कंपलेक्स के साथ ही विद्यालय में 10 लाख रुपए की लागत से रबड़ कोट करवाने की घोषणा की। वार्षिकोत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं ने लोक गीतों व देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पेश की। समारोह में अतिथियों ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रभावी मंच संचालन व्याख्याता मोरपाल गुर्जर द्वारा किया गया। व्याख्याता राजेश विजय ने बताया कि समारोह में पार्षद पारस पहाड़ी, उद्योगपति ओमप्रकाश गुप्ता, डाक्टर पीसी जैन झिलाय, पार्षद राजकुमार करनाणी, समाजसेवी प्रमिला खण्डेलवाल, पार्षद मदनलाल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष शंकरलाल पडियार व शारीरिक शिक्षक रामकिशन गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत टोडारायसिंह में निकली भव्य स्वच्छता रैली

### स्कूली बच्चों ने शहर के मुख्य मार्गों पर दिया स्वच्छता का संदेश



नगर पालिका अध्यक्ष भारत लाल सैनी व ईओ पवन बेनीवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पालिका टोडारायसिंह द्वारा शहर में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूली बच्चों की भव्य रैली निकाली गई। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें बच्चों ने हाथों में संदेश लिखी तख्तियां लेकर स्वच्छता का महत्व बताया।नगर पालिकाध्यक्ष भरत लाल सैनी एवं अधिशासी अधिकारी पवन बेनीवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान बच्चों ने स्वच्छ शहर, स्वस्थ जीवन और प्लास्टिक मुक्त भारत जैसे नारे लगाकर आमजन को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। नगर पालिका प्रशासन ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक सोच विकसित होती है और स्वच्छ भारत मिशन को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम में शिक्षक, नगर पालिका कर्मचारी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के वार्षिकोत्सव को लेकर श्योसिंहपुरा में निकाली भव्य कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**सिरस (नि.स.)।** गांव श्योसिंहपुरा में अयोध्या में रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के वार्षिकोत्सव को लेकर गुरुवार को महिलाओं ने विशाल भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा को छीला वाले बालाजी मंदिर परिसर में आचार्य पंडित रमाशंकर भारद्वाज ने पूजा अर्चना करवाकर रवाना किया। कलश यात्रा में 71 महिलाए कलशों को सिर पर धारण करके चल रही थी। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके लोगों ने भव्य स्वागत किया। कलश यात्रा बालाजी मंदिर से रवाना होकर बरोनी सिरस रोड होते हुए नाथों के मोहल्ले में स्थित योगेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। जहां आचार्य अवधेश शर्मा ने वैदिक मंत्रो उच्चारण के साथ योगेश्वर महादेव का कलशों के जल से अभिषेक करवाया। सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान योगेश्वर महादेव जी की आरती की। इसके बाद कलश यात्रा प्रजापत मोहल्ले होते हुए जाटों के मोहल्ले में स्थित श्रीरघुनाथ मंदिर पहुंची। जहां मंदिर में कलश स्थापना के बाद भगवान शिवजी का जलाभिषेक किया गया। इसके बाद महाआरती हुई। कलश यात्रा में प्रधान कलश सिर पर धारण करने का सौभाग्य बालिका पायल को मिला। कलश यात्रा के आगे आगे घोड़ी पर बैठकर ध्वजा लेकर चलने का सौभाग्य रामनिवास नाथ को मिला। कलश यात्रा के साथ-साथ डीजे पर श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे।

## शुद्व आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य अनुज्ञा शिविर में खाद्य/फुटकर व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

बढ़ता राजस्थान



टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)। राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान शुद्व आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य कारोबार के लिए लाईसेंस और रजिस्ट्रेशन शिविर गुरूवार को सुबह 11 से 4 बजे तक डॉ0 भीमराव अम्बेडकर भवन एसबीआई बैंक के सामने टोडारायसिंह में लगाया गया। शिविर में 101 थोक/फुटकर व्यापारियों के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 55 व्यापारियों को हाथों हाथ लाईसेंस मिले शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ0 मदन लाल गुर्जर व पूर्व पालिकाध्यक्ष टोडारायसिंह सन्त कुमार जैन ने लाईसेंस और रजिस्ट्रेशन वितरित किये गये साथ ही शिविर में मोटे अनाज की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर के दौरान लाईसेंस पंजीकरण के साथ-साथ मोबाईल फूड टैस्टिंग लैब वाहन द्वारा आमजन को सुरक्षित खाद्य पदार्थो के संदर्भ में जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि लाईसेंस के लिए कुल 6 व्यापारियों ने आवेदन किये, एवं रजिस्ट्रेषन के लिए कुल 95 छोटे फुटकर व्यापारियों ने आवेदन कियें, जिसमे से मौके पर 3 लाईसेन्स व 52 रजिस्ट्रेशन जारी कर दियें। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुर्जर ने बताया कि बिना खाद्य लाईसेंस के व्यवसाय करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत दण्डनीय अपराध है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के समस्त खाद्य पदार्थ कारोबार से जुडे विक्रेताओं, निर्माताओं, थोक, फुटकर, फेरीवाले, केटरिंग, ट्रांसपोर्ट, फूड प्रोडक्सन विक्रय करने, मेडिकल स्टोर्स, स्वयं सहायता, अस्पताल, स्कूल, कॉलेजों में संचालित केंटीन, राजकीय व निजी वेयर हाउस, मदिरा दुकानें, दूध विक्रेता, डेयरी, चायपान, दुकान, मण्डी व्यापारी फल, सब्जी, मांस- अंडे विक्रेता, हाट बाजार में खाद्य कारोबार करने वाले सभी से कहा है कि जिन व्यापारियों ने अभी तक भी लाईसेंस और रजिस्ट्रेशन नही बनाये है, वे शीघ्र शिविर में या ईमित्र द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन प्राप्त करने के लिए आवेदन करे। अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## टोडारायसिंह में नगरपालिका सभागार में साधारण सभा की बैठक हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** नगरपालिका मण्डल की साधारण सभा की बैठक अध्यक्ष भरत लाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न बिंदुओं सहित वर्ष 2026-27 के लिए 2442.34 लाख रुपए का बजट पारित किया गया। अधिशासी अधिकारी पवन कुमार बेनीवाल ने बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक की पुष्टि के पश्चात बैठक का एजेंडा सदन पटल पर रखा। प्रथम बिंदू में बापू नगर तथा सहारडा बावड़ी एवं लाडपुरा कोलोनी में खसरा नंबर 3173 व बस स्टेंड पर 4 दुकान की नीलामी पर चर्चा शुरू करते हुए कहा कि सहारडा बावड़ी प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है, इस सदस्य संत कुमार जैन ने कहा कि फैसला पक्ष में आया है, लाडपुरा कोलोनी और बापू नगर का प्लान बनवाया जा रहा है। प्रस्ताव को सर्व सम्मति से पारित किया गया। वहीं वार्ड नंबर 5 खाल का ढाबा, वार्ड नं 25 फूट्या देवरा चरागाह भूमि व नगरपालिका में स्थित अन्य चरागाह भूमि को आबादी में कन्वर्ट करने के प्रस्ताव में टपरिया को जोडने की मांग की गई। पार्षद भागचंद सैनी ने कहा कि ये मामला 5 साल से पेंडिंग चल रहा है। इस पर पालिका अध्यक्ष भरत लाल सैनी ने कहा कि अब फ्री हो गये सब काम करेंगे। इसी बीच सदस्य संत कुमार जैन ने कहा कि कांग्रेस बोर्ड ने इस क्या किया, अब वर्तमान बोर्ड आबादी विस्तार किया जाएगा। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एम आर एफ प्लांट शुरू करने तथा शौचालयों की मरम्मत कार्य सहित अन्य कार्यों पर चर्चा करते हुए एक वार्ड में एक सफाई कर्मचारी नियमित करने की मांग रखी गई। नगरपालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को देखते हुए और पुराने आटो टीपर का मेंटीनेंस मंहगा पडने से 5 आटो टीपर, 1 जेसीबी तथा 1 ट्रैक्टर मय ट्रोली क्रय करने वाले प्रस्ताव पर लव-कुश वर्मा ने कहा कि नगरपालिका क्षेत्र के कई वार्डों में नियमित सफाई नहीं हो रही है। सप्ताह भर तक आटो टीपर नहीं आ रहें हैं। बैठक में वार्ड 4 पार्षद जगदीश मोडकिया ने कहा कि कचरा डिपो होने के बावजूद कचरा एल एन टी रोड रेलवे स्टेशन पर कचरा डाला जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष लवकुश वर्मा ने मूडकटे बालाजी मंदिर के चार दिवारी,टीन शेड व गार्डन तथा घाटी रेगरान में अम्बेडकर स्वागत द्वार बनवाने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति पारित किया गया। पार्षद जगदीश मोडकिया ने रेलवे स्टेशन से खेडुल्या खुर्द रोड़ पर 7.5 मीटर चौड़ा सडक़ निर्माण कार्य हो रहा है, इस मार्ग पर स्वागत द्वार बनाने तथा भूतली नाड़ी के सौंदर्यीकरण करवाने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। पार्षद मीना जैन ने अहिंसा सर्किल बनाने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति किया गया। बैठक में छोटी फायर बोलेरो, अन्य अग्नि शमन यंत्र क्रय करने पर चर्चा कर पारित किया। इस मौके पर एक लीडिंग फायरमैन, 3 फायरमैन व 3 वाहन चालक के पद स्वीकृत करने वाले प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। पालिका क्षेत्र में अब तक करवाए गए विकास कार्यों और निकाले गए टेंडर का अनुमोदन किया गया। इस दौरान पार्षदों की शिकायत पर अध्यक्ष भरत लाल सैनी ने कहा कि जो ठेकेदार लापरवाही और घटिया निर्माण सामग्री लगा रहा है, उस कार्य को तोड दिया जाएगा तथा भुगतान रोका जाने के बाद ब्लेक लिस्ट कर दिया जाएगा। बैठक में वार्षिक बजट 2026-27 को ध्वनि मत से पारित किया गया। बैठक में अधिकांश पार्षद मौजूद रहे।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूरे होने पर जिलेवासियों को मिली विभिन्न सौगातें

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य सरकार ने प्रदेशवासियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की सौगातें दी, इसके जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को प्रताप ऑडिटोरियम में हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सिरोही में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के किसानों, महिलाओं एवं श्रमिक भाइयों को 1590 करोड रुपए के उपहार एवं ग्राम उत्थान शिवरों का शुभारंभ किया। सिरोही में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 65 लाख किसानों को 653 करोड़ रुपए का हस्तांतरण एवं ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) के तहत 9 फरवरी तक आयोजित होने वाले ग्राम उत्थान शिविरों का शुभारंभ किया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना में 30 लाख लाभार्थियों को 75 करोड रुपए का हस्तांतरण, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना में 4 लाख दुग्ध उत्पादकों को 50 करोड रुपए, 1 लाख निर्माण श्रमिकों 100 करोड रुपए, 7 हजार किसानों को कृषि उपकरण पर 39 करोड रुपए का अनुदान, 2 हजार किसानों को बैलों से खेती पर 6 करोड रुपए का अनुदान, भावांतर के तहत 10 हजार किसानों को 240 करोड रुपए, 5 लाख किसानों को फसल खराबे पर 327.38 करोड रुपए का मुआवजा दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 20 हजार लाभार्थियों को 100 करोड रुपए का हस्तांतरण किया गया। जिले के किसानों, महिलाओं एवं श्रमिक भाइयों को डीबीटी के माध्यम से किया गया करीब 21 करोड रूपये की राशि का हस्तांतरण वहीं जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के 1 लाख 40 हजार 238 किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 14 करोड 2 लाख 38 हजार रुपए का हस्तांतरण किया गया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना में 9451 दुग्ध उत्पादकों को 4 करोड 22 लाख 8 हजार 615 रुपए, 414 किसानों को कृषि उपकरण पर 2 करोड 46 लाख, 98 हजार रुपए का अनुदान डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया गया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों सौंपे प्रतीकात्मक चैक अतिथियों ने भूमि विकास बैंक की ओर से मुण्डावर तहसील के ग्राम शामदा निवासी श्री मुकेश चन्द गुर्जर को डेयरी हेतु 96 हजार, किशनगढबास तहसील के ग्राम खोहरा पीपली निवासी श्री शोकत को 54 हजार के ऋण राशि के चेक प्रदान किए। इसी प्रकार मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना में माह दिसम्बर 2025 अंतर्गत लोधाडी महिला समिति के पशुपालक श्री राजसिंह को 5 हजार 885 रूपये, पृथ्वीपुरा समिति के पशुपालक श्री कैलाश चन्द सैन को 6 हजार रूपये एवं तलवाना की ढाणी समिति के पशुपालक श्री अशोक कुमार यादव को 8 हजार 415 रूपये के चेक सौंपे। वहीं कृषि विभाग की योजना के अंतर्गत लोहरवाडी गांव निवासी जौहरदीन को फार्म पौण्ड हेतु 1 लाख 20 हजार रूपये एवं देसूला निवासी श्री सुरेश चन्द को तारबंदी योजना के तहत 23 हजार रूपये की राशि के प्रतीकात्मक चैक सौंपे। मंच संचालन शिक्षाविद श्री दिनेश शर्मा ने किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, सरस डेयरी के चैयरमेन नितिन सांगवान, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती बीना महावर, सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार श्री गुलाबचंद मीणा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री पीसी मीणा, अलवर केंद्रीय सहकारी बैंक के एमडी श्री के एन शर्मा सहित बडी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## 25 जनवरी को राज्यपाल अवार्ड से शिक्षक दिनेश कुमार सैनी होंगे सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** मतदाता दिवस पर यह कार्यक्रम राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर, जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल , राजस्थान एवं विशिष्ट अतिथि राज्य निर्वाचन आयुक्त, राजस्थान व मुख्य सचिव, राजस्थान होंगे। विभाग द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित मापदण्डों के विभिन्न मानकों के आधार पर मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य किये जाने के फलस्वरूप दिनेश कुमार सैनी को सम्मानित किया जायेगा। शिक्षक दिनेश कुमार सैनी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ला, श्रीचंदपुरा में कार्यरत हैं और ये राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 77 के बीएलओ हैं। इनके द्वारा एसआईआर का कार्य 100 प्रतिशत राजस्थान में सर्वप्रथम किया गया। 25 जनवरी मतदाता दिवस पर राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किये जाने का निर्णय लिया है। इससे पहले शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से भी सम्मानित किया चुका है।

## मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र के ग्राम मल्लाना में स्थित एकलव्य मॉडल रेजिडेन्शियल स्कूल में गुरुवार को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों को आयुर्वेदिक काढ़े का वितरण किया गया। स्कूल प्राचार्य डॉ. जगदीश प्रसाद बैरवा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. मनीष कराडिया़, आयुर्वेद चिकित्सक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, टहला ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन शैली व आयुर्वेद के माध्यम से स्वस्थ रहने के तरीके बताए। इस दौरान विद्यालय के समस्त स्टॉफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विराट हिन्दू सम्मेलन-केलवा मण्डल की तैयारियाँ शुरू, धर्म जागरण को लेकर बनी आयोजन समितियाँ



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** केलवा क्षेत्र में आयोजित होने वाले विराट हिन्द सम्मेलन-केलवा मण्डल को लेकर तैयारियाँ जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए समाजजनों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।कार्यक्रम संयोजक सुरेश सोनी ने बताया कि सम्मेलन के अंतर्गत भव्य कलश यात्रा, विशाल शोभायात्रा एवं विराट धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निर्धारित मार्गों से होती हुई धर्मसभा स्थल तक पहुँचेगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं सनातन धर्मावलंबी भाग लेंगे।आयोजन समिति के अध्यक्ष शम्भू लाल सोने ने जानकारी दी कि सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न समितियों एवं टोलियों का गठन किया गया है। इनमें प्रचार-प्रसार समिति, संपर्क समिति, वाहन रैली समिति सहित अन्य व्यवस्थाओं से जुड़ी समितियाँ शामिल हैं, जो अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी।आयोजन का मुख्य उद्देश्य धर्म जागरण, सामाजिक समरसता को मजबूत करना तथा सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश जन-जन तक पहुँचाना है। सम्मेलन के माध्यम से समाज को एकजुट करने और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जाएगा।

## राष्ट्र गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राष्ट्र गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के द्वितीय चरण में गणतंत्र दिवस के विशेष अवसर पर राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि राज्य सरकार के कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के निर्देशानुसार वंदे मातरम / 150 अभियान के अंतर्गत जिले में प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी, लघु फिल्म प्रदर्शन, वंदे मातरम व देशभक्ति गीतों पर बैंड वादन, सामूहिक वंदे मातरम गायन, सेल्फी अभियान, निबंध व वाद-विवाद, पोस्टर निर्माण, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता इत्यादि गतिविधियां आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे, वहीं 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रगान के पश्चात राष्ट्र गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन होगा। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में वंदे मातरम शपथ का आयोजन होगा।

## अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़( अलवर)।** अयोध्या राम जन्मभूमि स्थित श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में वार्षिक महोत्सव का आयोजन गुरुवार को महंत जी की हवेली, ठिकाना गंगा बाग पर भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम संयोजक महंत प्रकाश दास महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव का शुभारंभ दोपहर 2 बजे श्रृंगार के साथ आकर्षक झांकी सजाकर शुभारंभ किया। पंडित ओम प्रकाश अलोरिया,राजू भैया द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। इसके पश्चात गायक कलाकार संजय राजस्थानी व जगमोहन पाराशर और राम भक्तों द्वारा एक से बढक्रर एक भजन सुनाए गए। भजन सुनकर श्रद्धालु झूम झूम कर नाचने लगे और राम भगवान के जयकारे लगाने लगे। इस अवसर पर प्रभु श्रीराम की भव्य एवं आकर्षक झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के अंत में महाआरती का आयोजन किया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर कार्यक्रम का संचालन एवं प्रमुख जिम्मेदारी राम भक्त वीरेंद्र दाधीच द्वारा की गई। कार्यक्रम के इस अवसर पर बन्ना राम मीणा,संत नरेंद्र दास महाराज,पूर्व चेयरमैन प्रभु दयाल शर्मा,विनोद मिश्रा,हरि-राम गोठ,प्रेमनाथ धामाणी,चेतन जैफ,बृजेश शर्मा,एडवोकेट शेखर वशिष्ट,अवधेश साहू, बाबूलाल शर्मा,भगवान बिरवाल,पवन नरूका, सतीश शर्मा, रजनीकांत पटेल,मुकेश जोशी, संस्कार सैन,सिताराम सैन, डाक्टर नीरज शर्मा,सीता जोशी शर्मा,शारदा दाधीच,मीना विजय सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। आरती के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। उसके बाद सभी को अल्पाहार दिया गया।

## सब जूनियर राष्ट्रीय रग्बी में राजस्थान का जलवा, कांस्य पदक पर जमाया कब्जा

### हार्ड लाइन मुकाबले में महाराष्ट्र को 38-7 से दी करारी शिकस्त

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** 10वीं सब जूनियर राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में राजस्थान टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया। हार्ड लाइन मैच में राजस्थान ने मजबूत मानी जा रही महाराष्ट्र टीम को 38-7 के बड़े अंतर से पराजित कर देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया। राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा, सचिव कुलदीप सिंह राजावत एवं नितिन तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता की शुरुआत से ही राजस्थान टीम ने आक्रामक खेल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। तेज गति, सटीक रणनीति और शानदार टीमवर्क के दम पर खिलाडियों ने महाराष्ट्र जैसी मजबूत टीम को पूरी तरह दबाव में रखा और ऐतिहासिक जीत दर्ज की।टीम की इस उपलब्धि पर पूर्व अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी, डॉ. ललित दाधीच, पंकज कोठारी, पूर्व ऑल इंडिया बॉक्सिंग चैंपियन अजय सोनी, दीनदयाल त्रिवेदी, मधुसूदन जोशी, मनोज त्रिवेदी, इंद्रदेव आचार्य सहित राजसमंद रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष जय सिंह चुंडावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज भारद्वाज, उपाध्यक्ष अजय नरानिया, अनिल जीनगर, कोषाध्यक्ष कुलदीप जोशी समेत कई खेल प्रेमियों व पदाधिकारियों ने खिलाडियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस उपलब्धि के साथ राजस्थान टीम ने राष्ट्रीय रग्बी मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

## भागवत श्रवण से सभी जीवों को मोक्ष की प्राप्ति, शान्तिनगर कथा में बोले पूज्य संत श्री निर्मल रामजी महाराज

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** केलवा-आमेट रोड स्थित शान्तिनगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर कथावाचक पूज्य संत श्री निर्मल रामजी महाराज ने भगवान नारायण के 24 अवतारों का भावपूर्ण एवं विस्तृत वर्णन करते हुए उनके आध्यात्मिक महत्व को सरल शब्दों में समझाया।महाराज श्री ने बताया कि श्रीमद् भागवत महापुराण में भगवान नारायण के 24 अवतारों का उल्लेख मिलता है, जिनमें सनकादि, वराह, नारद, नर-नारायण, कपिल, दत्तात्रेय, यज्ञ, ऋषभदेव, पृथु, मत्स्य, कूर्म, धन्वंतरि, मोहिनी, नरसिंह, वामन, परशुराम, व्यास, राम, बलराम, श्रीकृष्ण, बुद्ध और कल्कि आदि प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अवतार धर्म की रक्षा, अधर्म के विनाश और मानव कल्याण के लिए अवतरित हुआ।कथा के दौरान महाराज श्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से सभी जीवों को मोक्ष की प्राप्ति होती है, क्योंकि यह ग्रंथ भगवान श्रीहरि की दिव्य लीलाओं का अमृत स्वरूप है। भागवत कथा से मनुष्य का अहंकार नष्ट होता है और भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य का भाव जागृत होता है। श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण पूर्ण श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

## जिला कलक्टर ने रामगढ में किया विमुक्त, घुमंतु एवं अद्र्घघुमंतु सहायता शिविर का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज रामगढ में घुमन्तु समुदाय को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्र्घघुमन्तु सहायता शिविर का निरीक्षण कर पात्र लाभार्थियों को दस्तावेज सौंपे। जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिये कि घुमन्तु समुदाय विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्र्घघुमन्तु के सभी पात्र व्यक्तियों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का मौके पर ही लाभ दिलवाना सुनिश्चित करें। साथ ही मौके पर ही मतदाता पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आदि कार्य पूर्ण कर राहत प्रदान करें। उन्होंने सभी विभागीय स्टॉल का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया कि किसी भी आवेदक को अनावश्यक परेशानी न हो। शिविर के दौरान सांखला गांव की महिलाओं ने पेयजल समस्या को लेकर जिला कलक्टर को अवगत कराया जिस पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। रामगढ़ कस्बे में बंदरों की बढ़ती समस्या पर एसडीएम को निर्देश दिए कि नगरपालिका के माध्यम से बंदरों को पकड़वाकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने मौके पर मौजूद लाभार्थियों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिविर में जिन लोगों के पास आधार कार्ड नहीं हैं, उनके लिए आधार पंजीकरण की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अलावा जाति प्रमाण पत्र, जन आधार सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज भी मौके पर ही बनाए जा रहे हैं, जिससे विमुक्त, घुमंतू एवं अद्र्घ घुमंतू समुदाय सहित अन्य वर्गों को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। इस दौरान एसडीएम श्री बाबूलाल वर्मा, तहसीलदार श्री अंकित गुप्ता, विकास अधिकारी श्री विजय भाल, चिकित्सा प्रभारी डॉ. बाबूलाल यादव सहित विभागीय अधिकारी एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

**रामलला प्राणप्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर किसानों को बड़ी सौगात**

# जिले के 1 लाख 39 हजार किसानों को 13 करोड़ 90 लाख रुपये की किसान सम्मान निधि की किश्त जारी

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों, महिलाओं एवं श्रमिकों को 1 हजार 590 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि किसान भारत की आत्मा है और किसान के सशक्तीकरण से गांव, प्रदेश और देश की प्रगति संभव है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब, महिला, युवा और किसान के कल्याण के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है तथा संकल्प पत्र में किए गए वादों को निरंतर पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने 23 जनवरी से प्रदेश के प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर ग्राम उत्थान शिविर आयोजित करने की घोषणा करते हुए किसानों एवं पशुपालकों से इन शिविरों से जुडक़र योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।मुख्यमंत्री सिरोही में किसान सम्मान निधि के हस्तांतरण एवं ग्राम उत्थान शिविर शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसी दिन दो वर्ष पूर्व अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा हुई थी और आज ही के दिन बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का शुभारंभ किया गया था। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण राजसमंद में मार्बल गैंगसा एसोसिएशन सभागार में किया गया, जहां जिले के 1 लाख 39 हजार 204 किसानों को लगभग 13 करोड़ 90 लाख रुपये की किसान सम्मान निधि की किश्त जारी की गई।मुख्यमंत्री ने वर्चुअल सम्बोधन में कहा कि ग्राम उत्थान शिविरों में तारबंदी, डिग्गी, पाइपलाइन, फार्म पॉन्ड, फव्वारा एवं ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, सौर पंप जैसी योजनाओं की स्वीकृतियां दी जाएंगी। साथ ही मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के आवेदनों का निस्तारण, किसान क्रेडिट कार्ड, कस्टम हायरिंग सेंटर आवेदन, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पंजीकरण, पशु टीकाकरण, डेयरी सहकारी समितियों का पंजीकरण, स्वामित्व कार्ड वितरण, नहरों व खालों की मरम्मत, पीएम सूर्य घर योजना के पंजीकरण तथा वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान से जुड़े कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के एक करोड़ से अधिक लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। किसान सम्मान निधि की पांचवीं किश्त के रूप में 65 लाख से अधिक किसानों को 653 करोड़ रुपये, फसल खराबे पर 327 करोड़ रुपये, समर्थन मूल्य खरीद पर 240 करोड़ रुपये, दुग्ध उत्पादक संबल योजना में 50 करोड़ रुपये, रसोई गैस सब्सिडी में 75 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजना में 100 करोड़ रुपये तथा एक लाख निर्माण श्रमिकों को 100 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही 40 करोड़ रुपये के कृषि उपकरणों का वितरण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते दो वर्षों में 50 हजार करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त फसली ऋण दिया गया है तथा पीएम कुसुम योजना के तहत हजारों सोलर पंप स्थापित कर किसानों को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया गया है।

## वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के स्मरणोत्सव का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय -2, रावतभाटा में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने का स्मरणोत्सव बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।यह कार्यक्रम दिनांक 19 /01/ 26 से 26/01/ 26 तक मनाया जाएगा। गुरुवार को इस कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष प्रार्थना सभा में अनेक गतिविधियां आयोजित की गई । इस अवसर पर संगीत शिक्षक रोहिताश्व गौतम ने वन्देमातरम गीत का अर्थ बताया और स्वतंत्रता संग्राम में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक ऐसा गीत था जिसने उस समय आजादी का बिगुल बजा कर राष्ट्रीय चेतना को जगाया।यह केवल गीत नहीं एक मंत्र बन गया जिसने लाखों भारतीयों को अपनी मातृभूमि पर सर्वस्व न्योछावर करने की प्रेरणा दी।कक्षा चार ब के छात्र कुणाल ने सुविचार, कक्षा दो अ की छात्रा डोली यादव ने कविता पाठ, कक्षा आठवीं अ की छात्रा डिंकल ने हमारे स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित करने वाले साहित्यिक कार्यों पर एक वक्तव्य दिया। इस अवसर पर संगीत शिक्षक रोहिताश्व गौतम के साथ सभी विद्यार्थियों और समस्त शिक्षकों ने वंदे मातरम गीत को बड़ी श्रद्धा और सम्मान से गाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य श्री लोकेश जोशी उपप्रधानाचार्य श्री मुकुंद देवधर और सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।

## सकतपुरा बस्ती में हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठकों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (श्याम गौड)।** सकतपुरा बस्ती में आगामी 1 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को भव्य एवं विराट स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से सकतपुरा बस्ती, हनुमान बस्ती तथा बजरंगपुरा उपबस्ती में बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में विभाग प्रचारक माननीय अजेय जी भाई साहब का प्रवास रहा। बैठकों में समाज के जनसामान्य का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम को सफल एवं व्यापक बनाने के लिए उपस्थित जनसमूह के साथ विस्तार से चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। मातृशक्ति एवं युवाओं ने मोहल्ला बैठकों के साथ-साथ प्रभात फेरी एवं रात्रि फेरी के आयोजन पर सर्वसम्मति व्यक्त की। सम्मेलन से पूर्व मोहल्लों को सजाने, ध्वज-पताकाएं लगाने, बंदनवार एवं स्वागत द्वार स्थापित करने तथा मंदिर समितियों एवं अखाड़ा समितियों की भूमिकाओं को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। हिंदू सम्मेलन की कार्यालय बैठक में आयोजन समिति के अध्यक्ष खेमराज योगी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण तंवर, संरक्षक ज्ञानू जी एवं बद्री जी, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर जी सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।



## स्वरोजगार हेतु महिला को अगरबत्ती निर्माण मशीन प्रदान की

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (श्याम गौड)।** इनरव्हील क्लब ने जरूरतमंद महिला को अगरबत्ती निर्माण मशीन भेंट कर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सार्थक पहल की है। कोटा। सामाजिक सरोकारों को सशक्त बनाते हुए इनरव्हील क्लब द्वारा कुन्हाड़ी क्षेत्र में एक जरूरतमंद महिला को अगरबत्ती निर्माण मशीन प्रदान की गई। क्लब की सचिव नीरजा कोहली ने बताया कि इस मशीन की सहायता से संबंधित महिला तीन अन्य महिलाओं के साथ मिलकर सुगंधित वनस्पति पदार्थों एवं आवश्यक तेलों से तैयार बांस कोर युक्त अगरबत्तियों का निर्माण कर रही है। क्लब की अध्यक्ष चारू जैन ने कहा कि निर्मित अगरबत्तियों का उपयोग पूजा-अर्चना एवं ध्यान साधना में किया जाता है। इस लघु उद्यम के माध्यम से महिलाओं को स्थायी आर्थिक संबल प्राप्त हो रहा है, साथ ही स्वरोजगार के जरिए आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी मिल रहा है। उपाध्यक्ष डॉ. नीता जैन ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद वर्ग को रोजगार से जोडक़र उन्हें सम्मानजनक जीवनयापन की दिशा में सशक्त बनाना है।




## सिटी पार्क पहुंचे राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.स.)।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे गुरुवार शाम अपने कोटा प्रवास के दौरान सर्किट हाउस से सिटी पार्क पहुंचे। उन्होंने सिटी पार्क के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया और वहां के शांत व सौम्य वातावरण की सराहना की। राज्यपाल ने सबसे पहले कैनाल में बोटिंग का आनंद लिया। इसके पश्चात उन्होंने पार्क में स्थापित फाउंटेन, इनवर्टेड पिरामिड, ग्लास हाउस सहित अन्य प्रमुख आकर्षण देखे। डक पॉन्ड में उन्होंने बतखों की अठखेलियां देखीं और बोटेनिकल गार्डन में लगाए गए विभिन्न प्रजातियों के पौधों व झाडिय़ों के संबंध में जानकारी ली। भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने सिटी पार्क के विभिन्न स्थलों पर फोटोग्राफी भी करवाई। उन्होंने सिटी पार्क को कोटा शहर के लिए एक महत्वपूर्ण और आकर्षक पर्यटन स्थल बताया।



## पेंशनर्स समस्या समाधान शिविर 28 को

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में 28 जनवरी, बुधवार को प्रात: 11 से सायं 4 बजे तक सम्भाग स्तरीय "पेंशनर्स समस्या समाधान शिविर" का आयोजन किया जाएगा। शिविर में जिला कोटा, बून्दी, बारां व झालावाड़ से संबंधित पेंशनर्स की पेंशन संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय का 18वां दीक्षांत समारोह संपन्न

# राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ दें विद्यार्थी-राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि शिक्षा की सार्थकता तभी है जब उसका उपयोग राष्ट्र के उत्थान और व्यक्ति निर्माण में हो। जीवन को गरिमामय, आनंदमय और गौरवपूर्ण बनाना ही सच्ची शिक्षा का उद्देश्य है। वे गुरुवार को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के 18वें दीक्षांत समारोह को अध्यक्षीय आसन से संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में 75 हजार 925 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं, जिनमें तीन पीएचडी उपाधियां भी शामिल रहीं। उन्होंने दीक्षित विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ अपने ज्ञान और क्षमताओं का उपयोग करें तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सहभागी बनें। उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा, संस्कारों और नैतिक मूल्यों के महत्व को भी रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि दीक्षित विद्यार्थी विकसित भारत कीदृग नींव के मजबूत स्तंभ हैं। उन्होंने ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रहित को जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया।




**राष्ट्र का विश्वास हैं डिग्रियां - डॉ. वाघमार**

राज्य मंत्री प्रो. मंजू वाघमार ने कहा कि डिग्रियां राष्ट्र का विश्वास हैं और युवा शक्ति भारत की आशाओं की प्रतिनिधि है।

**समावेशी विकास का राजस्थान मॉडल - प्रो. उमा कांजीलाल**

दीक्षांत अतिथि इग्नू की कुलगुरु प्रो. उमा कांजीलाल ने दूरस्थ शिक्षा को शिक्षा के लोकतंत्रीकरण का सशक्त माध्यम बताया। समारोह में कुलगुरु प्रो. बी.एल. वर्मा, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कुलसचिव डॉ. पुरवा अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## प्रत्येक गिरदावरी सर्किल पर शुक्रवार से आयोजित होंगे ग्राम उत्थान शिविर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** जिले के प्रत्येक गिरदावरी सर्किल पर 23 जनवरी से 9 फरवरी तक विशेष ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में कृषि एवं उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर कृषकों एवं पशुपालकों को राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

शिविरों की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला परिषद में सीईओ जिला परिषद श्री कमल मीणा एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग श्रीमती कृष्णा शुक्ला ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्राम उत्थान शिविर 23 जनवरी को पंचायत समिति इटावा, अटल सेवा केन्द्र बड़ौद (दीगोद), ग्राम पंचायत भवन किशनपुरा (सांगोद), ग्राम पंचायत कनवास, ग्राम पंचायत ताथेड़ (लाडपुरा) में आयोजित होंगे।

# दीपोत्सव पर खैराबाद मेला मैदान में उमड़ा जनसैलाब

### रामगंज मंडी बनी छोटी अयोध्या, 51 हजार दीपों से जगमगाया परिसर





बढ़ता राजस्थान

**रामगंज मंडी (प्रमोद राठौर)।** प्रभु श्रीराम के प्रति आस्था और श्रद्धा का अभूतपूर्व दृश्य खैराबाद मेला मैदान में देखने को मिला। दीपोत्सव कार्यक्रम शाम 6 बजे निर्धारित था, लेकिन दो घंटे पूर्व से ही श्रद्धालुओं का सैलाब मैदान की ओर उमडऩे लगा। स्थिति यह रही कि चारों ओर केवल सिर ही सिर नजर आए।

**आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के आगमन से पहले ही भरा मैदान**

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के मंच पर पहुंचने से पूर्व ही मेला मैदान पूरी तरह भर गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते सडक़ों पर भी जाम जैसे हालात बने रहे।

**विशाल कलश यात्रा का अद्भुत दृश्य**

विशाल कलश यात्रा का अंतिम सिरा समाचार लिखे जाने तक भी नगर के मुख्य मार्ग पर ही रहा, जबकि यात्रा की शुरुआत करने वाली महिलाएं सभा स्थल पर पहुंच चुकी थीं। रामगंज मंडी के इतिहास में इतनी बड़ी कलश यात्रा और जनसभा पहली बार देखने को मिली। मंत्री मदन दिलावर ने किया कलशधारी महिलाओं का अभिनंदन कलश यात्रा के दौरान शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कलशधारी महिलाओं का अभिवादन एवं स्वागत किया, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

**श्रीराम आरती के साथ दीपोत्सव का शुभारंभ**

साधु-संतों के सान्निध्य में श्रीराम आरती के साथ दीपोत्सव का शुभारंभ हुआ। 51 हजार से अधिक दीप प्रज्वलित होते ही पूरा खैराबाद मेला मैदान प्रकाश से जगमगा उठा।

## राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह 2026 के तहत चालको द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियाँ

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)।** राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह 2026 के तहत 01 जनवरी से 21 जनवरी 2026 तक जिले में समस्त चालको द्वारा विभिन्न जागरूकता एवं प्रवर्तन गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में दिनांक 02 जनवरी 2026 को बाल वाहिनी समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समस्त सदस्यों को सडक़ सुरक्षा से संबंधित विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए।

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि जिले में दो मोटरसाइकिल हेलमेट रैलियाँ दिनांक 06 जनवरी एवं 21 जनवरी 2026 को निकाली गईं, जिनमें कुल 170 मोटरसाइकिल चालकों ने भाग लिया। प्रथम रैली में यातायात पुलिस के कार्मिकों ने भी सहभागिता की। शहर के प्रमुख पार्कों - नेहरू पार्क, सुभाष पार्क, प्रताप सर्किल एवं इंदिरा गांधी स्टेडियम में लगभग 1800 वरिष्ठ नागरिकों को सडक़ सुरक्षा संबंधी संदेश ऑडियो एवं ब्रोशर के माध्यम से वितरित कर जागरूक किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा जिला एवं ब्लॉक स्तर पर 190 विद्यालयों में परिवहन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई वीडियो फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यालयों में स्लोगन, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

यातायात पुलिस द्वारा जिलेभर में प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए कुल 1685 वाहनों के चालान बनाए गए। इनमें तेज गति के 681, गलत लाइन में वाहन चलाने के 511, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के 25, शराब पीकर वाहन चलाने के 02, बिना सीट बेल्ट के 123, बिना हेलमेट के 44 तथा अन्य 250 मामलों में चालान किए गए।

चिकित्सा विभाग द्वारा नेत्र जांच हेतु 03 शिविर तथा निजी सामाजिक संस्थाओं द्वारा 02 नेत्र जांच शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 1256 चालकों एवं आमजन को निःशुल्क दवाइयाँ एवं चश्मे उपलब्ध कराए गए।

## हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान का विशाल निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान (सभा) कोटा की ओर से दशहरा मैदान में आज 23 जनवरी 2026, बसंत पंचमी के अवसर पर विशाल निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में कलाल समाज के निर्धन परिवारों की बेटियों का विवाह कराया जाएगा। अब तक लगभग 51 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है तथा 25 से 30 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। संस्थान अध्यक्ष विकास मेवाड़ा ने बताया कि राजस्थान की बेटियों को राज्य सरकार द्वारा 21 हजार रुपये की सहायता राशि उनके खातों में दी जाएगी।

'नवदंपती सात वचनों के साथ एक आठवां वचन पौधारोपण का लेंगे। मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक संदीप शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि व समाज के प्रबुद्धजन शामिल होंगे। सम्मेलन को ऐतिहासिक व गरिमामय स्वरूप दिया गया।

## समन्वित प्रयासों से जरूरतमंदों को मिले योजनाओं का लाभ- सांसद

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)।** क्षेत्रीय सांसद एवं जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के अध्यक्ष सी.पी. जोशी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला परिषद/ डीआरडीए सभागार में दिशा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद जोशी ने जिले में संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति, लक्ष्य पूर्ति एवं जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद सीपी जोशी ने कहा कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित, संवेदनशील और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करे।

बैठक के दौरान सांसद श्री जोशी ने जिले में नेटवर्क संबंधी समस्याओं को लेकर बीएसएनएल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा दूरसंचार सेवाओं में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। बैठक में चित्तौडग़ढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, जिला कलक्टर आलोक रंजन, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) प्रभा गौतम, डीएफओ राहुल झांझडिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद विनय पाठक, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, पूर्व उप जिला प्रमुख मि_ूलाल जाट सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




# बाल विवाह निषेध हेतु हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा : जोशी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)।** जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को एकजुट होकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। तभी इस सामाजिक कुरीति पर प्रभावी रूप से रोक लगाई जा सकती है। यह विचार सांसद सी.पी. जोशी ने गुरुवार को श्री सांवलिया सेठ मंदिर परिसर में बाल अधिकारिता विभाग एवं जाजम इंटरनेशनल परिवार द्वारा तैयार किए गए बाल विवाह निषेध जागरूकता पोस्टरों के विमोचन अवसर पर व्यक्त किए।

सांसद जोशी ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति में बाल विवाह की कोई परंपरा नहीं रही है, किंतु ऐतिहासिक परिस्थितियों में बहनों की अस्मिता की रक्षा के लिए यह प्रथा आरंभ हुई। आज परिस्थितियाँ पूरी तरह बदल चुकी हैं। वर्तमान में बेटियों के विकास हेतु शिक्षा एवं समान अवसर उपलब्ध हैं, इसलिए उन्हें उच्च शिक्षा दिलाकर वयस्क होने पर ही विवाह किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाल विवाह रोकथाम के लिए हम सभी ने श्री सांवलिया सेठ भगवान को साक्षी मानकर संकल्प लिया है, जिसे हमें पूरी निष्ठा के साथ निभाना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चित्तौडग़ढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ समाज और देश की प्रगति में भी बाधक है। श्री सांवलिया जी मंदिर मण्डल के अध्यक्ष जानकी दास वैष्णव ने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए सभी को मिलकर निरंतर प्रयास करने होंगे। रतन गाडरी ने कहा कि जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में जनप्रतिनिधियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ओम प्रकाश तोषनीवाल ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर बाल विवाह निषेध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में रघु शर्मा, हर्षवर्धन सिंह, मिठ्ठलाल जाट, आर.के. आमेरिया, अशोक अजमेरा, लोकेश सोनी, चाइल्ड हेल्पलाइन से नानूराम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने ली प्राइवेट विद्यालयों कीबैठक



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** ब्लॉक के प्राइवेट विद्यालयों की अत्यावश्यक बैठक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नंदलाल मीणा की अध्यक्षता में पंचायत समिति के सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला परियोजना संबंध जितेंद्र सिंह जादौन उपस्थित रहे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार कौशिक एवं आर पी सुरेश भारद्वाज ने प्राइवेट स्कूल के संस्था प्रधान एवं संचालकों की बैठक लेते हुए बताया कि प्राइवेट विद्यालयों के नामांकन में यू डाइस एवं पीएसपी पोर्टल पर अंतर है, इस अंतर को खत्म करते हुए यू डाइस पोर्टल एवं पीएसपी पोर्टल पर नामांकन एक समान होना चाहिए तथा यू डाइस पोर्टल पर स्कूल प्रोफाइल, टीचर्स प्रोफाइल एवं स्टूडेंट की सत प्रतिशत प्रविष्टि सत्यापित होनी चाहिए। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नंदलाल मीणा ने समस्त प्राइवेट स्कूल के संस्था प्रधानों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन बच्चों के आधार ऑथेंटिकेटेड हैं उनकी सत प्रतिशत अपार आईडी जेनरेट की जाए तथा जिन बच्चों के आधार ऑथेंटिकेट नहीं है उनके आधार ऑथेंटिकेशन कराया जाए। बैठक में निजी विद्यालय के संचालकों ने अपनी समस्या रखते हुए बताया कि आधार एवं स्कूल की प्रविष्टियों में भिन्नता होने के कारण आधार ऑथेंटिकेशन का कार्य नहीं हो पा रहा है, इस पर अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक जितेंद्र सिंह जादौन ने कहा कि सभी संस्था प्रधान ऐसे प्रयास करें कि बच्चों के आधार ऑथेंटिकेशन के लिए जो भी आवश्यक आधार संशोधन हैं, उन्हें शीघ्र कराए जाएं तथा उक्त कार्य अति शीघ्र पूर्ण किए जाएं। बैठक में प्राइवेट विद्यालय से वीरेंद्र कुमार दीक्षित, राकेश दीक्षित, आशीष बंसल, संजय मंगल, महीश शर्मा, पवन भारद्वाज, रमेश चंद सहित अन्य उपस्थित थे।

# सरकार का लक्ष्य की सरकारी योजनाओं का लाभ समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे : जवाहर सिंह बेढम

## सुशासन और अंत्योदय को समर्पित रहा प्राण प्रतिष्ठा दिवसः डीग जिले के 97,651 किसानों के खातों में 9.76 करोड़ रुपये हस्तांतरित

### वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम, सीएम किसान सम्मान निधि की 5वीं किश्त जारी



बढ़ता राजस्थान

**डीग( नि.स. )।** आज का दिन केवल एक धार्मिक और सांस्कृतिक अवसर नहीं है, बल्कि यह सुशासन, सेवा और जनकल्याण के संकल्प को धरातल पर उतारने का प्रतीक है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे और किसान, महिला व श्रमिक आर्थिक रूप से सशक्त बनें यह बात प्रदेश के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरुवार को पंचायत समिति सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कही।

मंत्री बेढ़म ने कहा कि श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ को राज्य सरकार ने सुशासन और अंत्योदय को समर्पित करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का विशेष दिवस बनाया है। उन्होंने किसानों को प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि उनकी समृद्धि से ही गांव, जिला और राज्य आगे बढ़ता है।

मंत्री बेढ़म ने सिरोही से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भी में भाग लिया। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर जारी 1500 करोड़ रुपए के पैकेज से प्रदेश के लाखों किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है, जिसमें डीग जिले की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगी।

### 97 हजार किसानों को मिला 9.76 करोड़ का लाभ

समारोह के दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम और जिला कलेक्टर उत्सव कौशल की उपस्थिति में सीएम किसान सम्मान निधि की 5वीं किश्त डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से किसानों के खातों में हस्तांतरित की गई।

**सहायक रजिस्ट्रार, सहकारिता विभाग रामावतार सिंह ने जिले के आंकड़े साझा करते हुए बताया—**

**कुल लाभार्थी किसान-** 97,651

**हस्तांतरित कुल राशि-** 9,76,51,000/ रूपये

**( नौ करोड़ छिहत्तर लाख इक्यावन हजार रुपये )**

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि यह राशि न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगी, बल्कि कृषि निवेश, बीज, खाद और आधुनिक तकनीकों के उपयोग को भी बढ़ावा देगी।

### ग्राम उत्थान शिविरों का शुभारंभ

मंत्री बेढ़म ने जिले भर में ग्राम उत्थान शिविरों के शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि अब प्रशासन कार्यालयों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गिरदावर सर्किल स्तर पर शिविर लगाकर आमजन की समस्याओं और परिवेदनाओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में ग्राम उत्थान शिविरों का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता और गंभीरता के साथ किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचे, इसके लिए हर स्तर पर निगरानी रखी जाएगी।

# विधायक डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री व नगरीय विकास मंत्री को लिखा पत्र

### आरबीएम अस्पताल के विस्तारिकरण के लिये आवंटित भूमि को रखा जाये यथावत-डॉ. गर्ग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर और नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा को आरबीएम चिकित्सालय के विस्तार के लिये वर्ष 2021 में स्कीम संख्या-10 में आवंटित आरक्षित 25,000 वर्गमीटर भूमि को आरबीएम अस्पताल के लिये आवंटित भूमि को आरक्षित रखने और बीडीए द्वारा अन्य उपयोग में नहीं लिये जाने की के लिये लिखा पत्र।

डॉ. सुभाष गर्ग ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर और नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा को बताया कि नगर विकास न्यास द्वारा स्कीम संख्या 10 में वर्ष 2021 में 25000 वर्गमीटर भूमि आरबीएम चिकित्सालय के ट्रोमा सेंटर, डॉक्टर, नर्सिंग, पैरामेडीकल कर्मचारियों के आवास निर्माण एवं अन्य चिकित्सीय सुविधाओं के लिये आवंटित की थी, लेकिन एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर से पता चला है कि इस भूमि को भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा किसी अन्य उपयोग के लिये लेने की कार्यवाही की संभावना की जा रही है।

उन्होंने कहा कि आवंटित भूमि को अन्य किसी कार्य में लिया जायेगा तो न केवल भविष्य में आरबीएम चिकित्सालय के विस्तार एवं अन्य सुविधाओं के लिये समस्या हो जायेगी किन्तु वर्तमान में भी भूमि की कमी महसूस की हो रही है।

ऐसे में इस आवंटित आरक्षित भूमि को यथावत रखा जाये, ताकि आगामी दिनों में चिकित्सीय विस्तारिकरण में किसी तरह की कोई परेशानी न हो। इसी के तहत मैडीकल कॉलेज, भरतपुर को ट्रोमा सेंटर एवं सुपर स्पेशलिटी की स्थापना हेतु भी फ्यूचर प्लॉनिंग एरिया एसपीजेड योजना में 36,400 वर्गमीटर



का आवंटन नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार के 10 दिसम्बर 2021 द्वारा आवंटन किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थीं। अतः डॉ. गर्ग पत्र में अनुरोध किया है कि उपरोक्त भूमि के आवंटन को भी यथावत रखा जाये।

# घुमंतु, अर्ध-घुमंतु व विमुक्त समुदाय को पहचान और आवासीय अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक शिविर



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले की बाड़ी उपखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नकसौदा के ग्राम जम्हूरा में मोगिया समुदाय के लिए घुमंतु, अर्ध-घुमंतु एवं विमुक्त समुदाय हेतु, पहचान दस्तावेज निर्माण एवं आवासीय पट्टा वितरण शिविर का सफल एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। यह शिविर वर्षों से पहचान दस्तावेजों एवं स्थायी निवास से वंचित समुदाय को प्रशासनिक पहचान प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल साबित हुआ। शिविर में धौलपुर जिला कलेक्टर श्री निधि बी. टी., जिला परिषद सीईओ आव्हहाद निवृति सोमनाथ, देवेंद्र सिंह जांगल समाज कल्याण अधिकारी धौलपुर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का आयोजन उप जिला कलेक्टर भगवत शरण त्यागी के नेतृत्व में, खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार शर्मा एवं तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मोगिया समुदाय के पात्र परिवारों को निःशुल्क आवासीय पट्टों का वितरण किया गया, जिससे उन्हें स्थायी निवास का अधिकार एवं भारतीय नागरिकता की पहचान का ठोस प्रमाण प्राप्त हुआ। यह दिन समुदाय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण और यादगार बन गया। शिविर के दौरान घुमंतु पहचान पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेजों के निर्माण हेतु आवेदन स्वीकार किए गए प्रशासनिक अमले द्वारा मौके पर ही प्रक्रिया को सरल बनाते हुए अधिकतम दस्तावेज तैयार करने का प्रयास किया गया। इस शिविर के सफल आयोजन में युवा चेतना फाउंडेशन, धौलपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संस्था द्वारा पूर्व में ग्राम स्तर पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया तथा शिविर स्थल पर दस्तावेज निर्माण हेतु फॉर्म भरवाकर समुदाय को संपूर्ण प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। संस्था की ओर से रामदास तरुण (प्रेसिडेंट), कप्तान सिंह (परियोजना समन्वयक), फील्ड समन्वयक मनीष कुमार आशावाई, राधा, विश्वेंद्र सिंह, रामनिवास एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग किया। उप जिला कलेक्टर भगवत शरण त्यागी ने समुदाय को आश्वस्त किया कि अधिकतम दस्तावेज शिविर में ही तैयार किए जाएंगे तथा शेष दस्तावेज भविष्य में भी बनवाए जाएंगे।

# भरतपुर बीट्स की नई कार्यकारिणी घोषित

### प्रवीण खण्डेलवाल अध्यक्ष , डा0 रजत आर्य सचिव, यकुल गुप्ता कोषाध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था भरतपुर बीट्स की प्रथम विजनिस मीटिंग एवं नबवर्ष मिलन समारोह होटल सीपी पैलेस, भरतपुर में आयोजित किया गया । भरतपुर बीट्स सामाजिक कार्यो में शहर की एक अग्रणी संस्था है जो विशेषकर अपनें वृहद् स्तर के ब्लड डोनेंशन कैम्पों के लिये जानी जाती है ।

नवर्ष मिलन का यह कार्यक्रम पिछले कार्यकाल के अध्यक्ष रहे मनीष मेहरा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें उनके द्वारा दो वर्ष किये गये कार्यक्रमों का विवरण सदन के समक्ष रखा, कोषाध्यक्ष निखिल खण्डेलवाल द्वारा संस्था के आय-व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जिसे सभी सदस्यों के द्वारा ध्वनि मत से पास किया गया । भरतपुर बीट्स के संरक्षक जितेन्द्र गोयल द्वारा वर्ष 2024-26 के अध्यक्ष मनीष मेहरा, सचिव डॉ. रजत आर्य एवं कोषाध्यक्ष निखिल खण्डेलवाल के साथ साथ प्रबंध कार्यकारिणी के अध्यक्ष राहुल वंसल का धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी के द्वारा इन सभी के कार्यकाल में किये गये कार्यो को सराहा ।

बीट्स सरंक्षक द्वारा वर्ष 2026-28 के लिये प्रबंध कार्यकारिणी द्वारा अध्यक्ष पद के लिये चुनें गये डॉ. रजत आर्य, सचिव पद के लिये यकुल गुप्ता कोषाध्यक्ष पद के लिये प्रवीण खण्डेलवाल एवं प्रबंध कार्यकारिणी के अध्यक्ष पद के लिये जितेन्द्र अग्रवाल को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया जिसको सदन के द्वारा स्वीकार किया गया एवं सभी पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर मंचासीन कराया गया । कार्यक्रम में सुनील एण्ड पार्टी द्वारा रंगारंग प्रस्तुतिया दी गई जिसको सभी सदस्यों के द्वारा पंसद किया गया । कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ किया गया ।

# कांग्रेस कमेटी डीग द्वारा मनरेगा बचाओ सग्राम में संवाद और मतदाताओं को किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** कांग्रेस कमेटी डीग के जिलाध्यक्ष राजीव सिंह चौधरी के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ जन आन्दोलन संग्राम व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुवार को ग्राम पंचायत रारह, ताखा, गुनसारा व तालफरा में चौपड़ व नुक्कड़ सभाऐं आयोजित की गई। भाजपा केन्द्रीय सरकार मनरेगा की आत्मा को चार खतरनाक तरीकों से नष्ट करने की योजना बना रही है, अब मोदी सरकार चुनेगी कि कौनसी ग्राम पंचायत को काम मिलेगा और कौनसी ग्राम पंचायत को काम नहीं मिलेगा। मनरेगा के तहत अब काम का अधिकार नहीं रहेगा, बल्कि सरकार की मर्जी से काटे जाने वाले रोजगार एक रेबड़ी बन जायेगा। मजदूरी जो कृषि, प्राइस, इन्डैक्स से तय होती, वह अब सरकार द्वारा मनमाने ढंग से तय की जायेगी। केन्द्र सरकार जो पहले 90 प्रतिशत मजदूरी का भुगतान करती थी, अब उसका हिस्सा 60 प्रतिशत रह जायेगा, जबकि केन्द्र सरकार का राजस्व दिन प्रतिदिन बढ़ रहा




है। अब मनरेगा में ठेकेदारों को लाया जायेगा और मजदूर ठेकेदारों की परियोजनाओं के लिये मात्र श्रम आपूर्ति बनकर रह जायेंगे तथा मनरेगा में रोजगार सहायक भी नहीं होंगे।

इस कार्यक्रम में जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता यादव, पर्यावरण प्रकोष्ठ के महामंत्री प्रेमसिंह प्रजापति, स्वायत्त शासन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, पिन्टू साबौरा, कमल सिंह गडासिया, अनिरूद्ध बांसरौली, रारह से रघुवीर सिंह, रामवीर सिंह, सिद्धू, प्रभात सिंह, प्रेमचंद, श्यामवीर सिंह, जगदीश, बदन सिंह, हरिओम चौधरी, सोहन सिंह, रमन, दीपू बुरावई, गजराज सिंह, गुनसारा से जगदीश सिंह, मानसिंह, हरवीर वकील, वीरेन्द्र महाराज, अजय सिंह सरपंच, लक्ष्मण सिंह जाटव, देवीसिंह जाटव, लाखन सिंह, दयाराम, भोला सिंह, तालफरा से पुष्पेन्द्र सिंह, प्रहलाद वकील, रामू, अभौर्रा से रामवीर सिंह, श्याम सिंह, ताखा से हरपाल सिंह, रनवीर सिंह, निहाल सिंह आदि मौजूद थे।

# हाइवे पर हादसा, सड़क पर आये आवारा जानवर से टकराई बाइक

### बिलोनी माता के दर्शन कर लौट रहे बाइक सवार पति-पत्नी घायल, पत्नी की हालत गंभीर



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड से गुजर रहे हाईवे 11बी पर गडरपुरा गांव के पास सड़क हादसा हुआ है। बिलोनी माता मंदिर के दर्शन कर लौट रहे बाइक सवार पति-पत्नी की जंगली जानवर से टक्कर हुई है। जिसमें दोनों घायल हुए हैं। घायलों को एंबुलेंस से बाड़ी जिला अस्पताल भर्ती कराया है । जहां से घायल पत्नी को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है।

बाड़ी उपखंड की ग्राम पंचायत पिपरोंन के नरीपुरा गांव निवासी घायल पति सतीश जाटव ने बताया कि वह अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ आज सुबह सरमथुरा के बिलोनी स्थित माता मंदिर के दर्शन करने गया था। जहां से बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान जैसे ही उनकी बाइक गडरपुरा गांव के पास पहुंची खेतों में से निकलकर आये जंगली जानवर से उनकी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में दोनों बाइक सहित सड़क पर गिर गए और घायल हो गए। जिन्हें आस-पास के लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से बाड़ी अस्पताल भर्ती कराया गया।

अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉ महेश गुप्ता ने बताया की दुर्घटना के शिकार दो लोगों को बाड़ी अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिनमें से महिला की हालत गंभीर है। उसके पैर और हाथ में फैक्चर होने के साथ सिर में गंभीर चोट आई है। ऐसे में उसे उच्च उपचार के लिए हायर सेंटर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है।

# अनुसूचित जाति वर्ग के समग्र कल्याण हेतु सरकार प्रतिबद्ध- अध्यक्ष एससी वित्त एवं विकास आयोग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक ने गुरुवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए आयोग से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी साझा की।

अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ी नरेन्द्र मोदी के विजन एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग के एक करोड़ से अधिक लोगों के वित्तीय कल्याण एवं समग्र विकास के लिए आयोग द्वारा दूर-दराज के गांवों एवं शहरों में जाकर धरातलीय स्तर पर समस्याओं का फीडबैक लिया जा रहा है तथा उनके समाधान हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि बुधवार को नगर निगम आयुक्त श्रवण बिश्नोई सहित अन्य विभागीय अधिकारियों एवं सफाई कर्मियों के साथ अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिनिधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास कार्यों को गति देने एवं पात्र व्यक्तियों को अधिकतम लाभ पहुंचाने पर चर्चा की गई।

अध्यक्ष नायक ने कहा कि बाबा डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन से जुड़े 5 तीर्थ स्थलों से लोगों को जोड़ने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर निःशुल्क बस सेवा प्रारंभ की गई है। साथ ही अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान एवं वित्तीय सशक्तिकरण हेतु अनुजा निगम द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ऋण सहायता योजनाओं में लाभ लेने के पश्चात यदि लाभार्थी द्वारा एकमुश्त राशि जमा कराई जाती है तो उसे पेनल्टी एवं पूर्ण ब्याज दर से राहत प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति वर्ग को शिक्षा से जोड़ने तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए राज्य सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा दूरस्थ गांवों का भ्रमण कर प्राप्त फीडबैक की वस्तु स्थिति जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को अवगत



कराई गई है। उन्होंने भरतपुर जिले की भौगोलिक स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि अन्य राज्यों की सीमाओं से लगे होने के कारण अंतर्राज्यीय विवाह के उपरांत अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं को जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु भी गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

इस दौरान जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, सत्येन्द्र गोयल, गिरधारी गुप्ता, जगत सिंह गुर्जर, शिव सिंह कुम्हेर, अनुराग सिंह तमरौली, नेताराम जाटव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# रामलला की द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा पर जनकल्याण का संकल्पः 1,590 करोड़ का डीबीटी उपहार,ब्यावर में मंत्री अविनाश गहलोत की सक्रिय सहभागिता

## किसान, महिला व श्रमिकों के खातों में सीधे पहुँची सहायता राशि

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर राजस्थान सरकार ने जनकल्याण को नई गति देते हुए किसानों, महिलाओं एवं श्रमिकों को 1,590 करोड़ रुपये के डीबीटी उपहार प्रदान किए। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा ग्राम उत्थान शिविरों के शुभारम्भ के साथ विभिन्न योजनाओं की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की गई। माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने अम्बेडकर भवन, ब्यावर में लाइव प्रसारण के माध्यम से कार्यक्रम देखा, सहभागिता निभाई तथा आमजन से संवाद किया। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 5वीं किस्त का राज्य स्तरीय कार्यक्रम अरविन्द पैवेलियन स्टेडियम, सिरोही में आयोजित हुआ, जिसका सीधा प्रसारण ब्यावर में देखा गया इस अवसर पर मंत्री श्री गहलोत ने बताया कि किसानों को दी जाने वाली सम्मान निधि को 3000 से बढ़ाकर अब ?9000 किया गया है, जो डीबीटी के माध्यम से सीधे खातों में पहुँच रही है। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी को प्रदेश में 75 लाख से अधिक लोग मेगा पेटीएम अभियान से जुड़ेंगे, जो एक विश्व रिकॉर्ड बनेगा। साथ ही नवगठित ब्यावर जिले के लिए आधारभूत संरचना विकास हेतु विशेष बजट की आवश्यकता पर भी जोर दिया।कार्यक्रम में जिला रसद अधिकारी सादिक ने जानकारी दी कि एलपीजी सब्सिडी योजना के अंतर्गत ब्यावर जिले के 78,922 लाभार्थियों को ?3.72 करोड़ की सहायता दी गई। उप रजिस्ट्रार हीरालाल जिगर ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 1,25,359 किसानों को ?1000 प्रति किसान की राशि डीबीटी से दी गई। श्रम कल्याण अधिकारी मुकेश कुमार ने निर्माण श्रमिकों को शिक्षा, कौशल विकास एवं टूल किट सहायता योजनाओं के अंतर्गत दी गई सहायता की जानकारी साझा की।कार्यक्रम में जिला कलेक्टर कमल राम मीना, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, पूर्व सभापति नरेश कनोजिया, शशिबाला सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।



# अनुपमा मंत्री अध्यक्ष, मधु हिंगड़ सचिव, मधु बहेडिय़ा कोषाध्यक्ष, मीता अटल संगठन मंत्री निर्विरोध हुए निर्वाचित



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** संजय कॉलोनी माहेश्वरी महिला मंडल की साधारण सभा की बैठक स्थानीय माहेश्वरी भवन में अध्यक्ष रेणु कोगटा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। इस दौरान नगर माहेश्वरी महिला संस्थान अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी के निर्देशन में पर्यवेक्षक अनु मोदी एवं रेखा सोडाणी के सानिध्य में निविरोध चुनाव संपन्न हुए। अध्यक्ष पद के लिए अनुपमा मंत्री, सचिव पद के लिए मधु हिंगड़, कोषाध्यक्ष पद के लिए मधु बहेडिय़ा और संगठन मंत्री के लिए मीता अटल निर्विरोध चुनी गईं। अध्यक्ष रेनू कोगटा के सानिध्य और पर्यवेक्षक अनु मोदी एवं रेखा सोडानी की मौजूदगी में चुनाव हुआ। संरक्षक जतन हिंगड़ एवं मधु लढा ने पर्यवेक्षक अनु मोदी एवं रेखा सोड़ानी, निवर्तमान अध्यक्ष रेनू कोगटा का तिलक लगाकर ऊपरना ओढ़ाकर स्वागत किया गया। संजय कॉलोनी माहेश्वरी समाज संस्थान अध्यक्ष श्याम लाल डाड एवं राहुल डाड द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारियों का पगडी पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में महिला मंडल की लगभग 70 सदस्याएं मौजूद रहीं।

# ज्ञान, तकनीक और परंपरा का महासंवाद, ब्यावर में पहली बार अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर के समाजशास्त्र विभाग एवं राजस्थान समाजशास्त्रीय परिषद के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमिनार का विषय 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सतत विकास एवं भारतीय ज्ञान परंपरा : राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विशेष संदर्भ में' रखा गया है। सेमिनार को लेकर गुरुवार को महाविद्यालय परिसर में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई प्रेस वार्ता में प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. रेखा मंडोवरा, सचिव एवं समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष आचार्य डॉ. हरीश गुजराती, सेमिनार समन्वयक आचार्य डॉ. दुष्यंत पारीक, सह-समन्वयक आचार्य डॉ. एम. आर. सिंगारिया एवं सह-आयोजन सचिव डॉ. हरीश कुमार सहित शिक्षाविदों ने सेमिनार की रूपरेखा व उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी दी आचार्य डॉ. हरीश गुजराती ने बताया कि सेमिनार में देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद समकालीन विषयों पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विशेष संदर्भ में गहन चिंतन, मनन और मंथन करेंगे। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत शोध आलेखों के आधार पर एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर सरकार को प्रेषित किया जाएगा, वहीं चयनित शोध पत्रों का प्रकाशन एक पुस्तक के रूप में किया जाएगा प्राचार्य डॉ. रेखा मंडोवरा ने बताया कि नवगठित ब्यावर जिले में यह प्रथम अवसर है जब इस स्तर का अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आयोजित हो रहा है, जो जिले के शैक्षणिक और बौद्धिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक शंकर सिंह रावत शिरकत करेंगे।

# चौमहला में प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर भव्य प्रभात फेरी व शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला(नि.स.)।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में अयोध्या में विराजित प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ तथा चौमहला कस्बे में प्रभात फेरी के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार 22 जनवरी को श्री राम भक्त प्रभात फेरी मंडल के तत्वावधान में सकल हिंदू समाज द्वारा भव्य प्रभात फेरी एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया।प्रात: 6 बजे राम मंदिर से डीजे व ढोल-नगाड़ों के साथ प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ। आकर्षक आतिशबाजी के बीच प्रभात फेरी कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुन: राम मंदिर पहुंची।इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने घरों व आंगनों में रंगोली बनाकर दीप प्रज्वलित किए तथा प्रभात फेरी मार्ग पर जगह-जगह नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा व आरती कर स्वागत किया गया। पूरे भ्रमण के दौरान मार्ग में श्रद्धालु राम भजन गाते नजर आए ,पूरे कस्बे में धार्मिक उत्साह और भक्तिमय वातावरण देखने को मिला।राम मंदिर पहुंचने पर महाआरती का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात प्रसादी वितरण के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिला-पुरुष व युवा शामिल हुवे ।

# दादीधाम में भक्ति की बहेगी स्वर-धारा, झुंझनुवाली दादीजी का संगीतमय मंगलपाठ मंगलवार को

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** अजमेर रोड स्थित श्रीमंदिर दादीधाम में 27 जनवरी, मंगलवार को झुंझनुवाली दादीजी का संगीतमय मंगलपाठ श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। दादी परिवार न्यास ने बताया कि इस पावन अवसर पर सम्पूर्ण मंदिर परिसर को आकर्षक व भव्य रूप से सजाया जाएगा। दोपहर 2 बजे से आरंभ होने वाले इस संगीतमय मंगलपाठ का आयोजन निशा-सुशील सिंघल के सौजन्य से किया जा रहा है। मंगलपाठ की भावपूर्ण प्रस्तुति गोपाला ग्रुप के वाचक सतीश सिकरवार द्वारा दी जाएगी। पाठ के दौरान दादीजी का नयनाभिराम श्रृंगार, भक्ति संगीत एवं उत्सव का विशेष आयोजन रहेगा।आयोजकों के अनुसार मंगलपाठ के माध्यम से श्रद्धालु भक्ति-रस में सराबोर होकर दादीजी की कृपा प्राप्त करेंगे। आयोजन को लेकर दादीधाम परिसर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

## अमर शहीद हेमू कालानी की आदमकद प्रतिमा का विधायक कृपलानी ने किया अनावरण

# शहीद हेमू कालानी का साहस, राष्ट्रप्रेम और त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत- विधायक कृपलानी

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** अमर बलिदानी शहीद हेमू कालानी की स्मृति में नगर परिषद निंबाहेड़ा के तत्वावधान में 21 जनवरी, बुधवार को प्रतिमा अनावरण समारोह का भव्य आयोजन पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में नगर परिषद निंबाहेडा की ओर से आयुक्त कौशल कुमार खटूमरा, झूलेलाल एज्युकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष भजनलाल जिज्ञासु के नेतृत्व में अतिथियों का उपरना ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विधायक कृपलानी ने अमर शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा पर का अनावरण कर पुष्पांजलि की तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर विधायक कृपलानी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि शहीद हेमू कालानी का बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का स्वर्णिम अध्याय है। उनका साहस, राष्ट्रप्रेम और त्याग आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणास्रोत है। युवाओं को उनके आदर्शों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कृपलानी ने केंद्र में नरेंद्र मोदी एवं राज्य में भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में करवाए जा रहे विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों का उल्लेख करते हुए शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विधायक कृपलानी ने नगर परिषद निंबाहेडा क्षेत्र में करवाए जा रहे विकास कार्यों की भी जानकारी दी तथा उपस्थित जनमानस से नगर परिषद क्षेत्र को सुंदर बनाने के लिए सुझाव देने की भी अपील की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रहलाद सोनी, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर मंडल कपिल चौधरी, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, निलेश मेहता, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर, जिला मंत्री पारस वीरवाल, जिला प्रवक्ता मानवेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. जे.एम. जैन, मोतीलाल आहूजा, वीरेश चपलोत, नानालाल भूतड़ा, उमेश तोतला, प्रदीप मोदी, हरिहर राव, जिला व्यापार प्रकोष्ठ सह संयोजक गजेन्द्र नवलखा, नगर उपाध्यक्ष मनोज मालू, पुष्कर सोनी, जगदीश माली, कुलदीप सिंह राठौड़, लक्की आहूजा, नगर मंत्री ओमप्रकाश नाथ, कैलाश सेन, रतन वैष्णव, धर्मपाल जाट, ओबीसी मोर्चा नगर ॠषिराज मुलानी, पूनम कृपलानी, पुष्पा वच्चानी, बलक्ष्मी दातवानी, सोनाली दातवानी, गीत लालवानी, काजल मूलानी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम ने नगर में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और शहीदों के प्रति सम्मान का सशक्त संदेश दिया।

# रेनका नाका बांध परियोजना के प्रभावित किसानों को 8 वर्ष बाद मिला मुआवजा

## विधायक कृपलानी के अथक प्रयासों से करीब एक करोड़ से अधिक की मुआवजा राशि वितरित



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** रेनका नाका बांध सिंचाई परियोजना के निर्माण के दौरान जिन किसानों की भूमि अवाप्ति की गई थी, उनके लंबित मुआवजा प्रकरणों का समाधान करते हुए करीब 42 प्रभावित परिवारों को एक करोड़ रुपये से अधिक की मुआवजा राशि के चेक वितरित किए गए। यह राशि पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के अथक प्रयासों से लगभग 7 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद किसानों को प्राप्त हो सकी। पंचायत समिति सभागार में आयोजित मुआवजा चेक वितरण कार्यक्रम पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के मुख्य आतिथ्य तथा पूर्व विधायक अशोक नवलखा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, उपखंड अधिकारी विकास पंचोली, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी एवं कनेरा मंडल अध्यक्ष जुगलकिशोर धाकड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि किसानों के साथ न्याय करना उनकी प्राथमिकता रही है। इस परियोजना के पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान वर्ष 2018 में धरातल पर आने के बाद कांग्रेस सरकार के समय से लंबित मुआवजा प्रकरणों को सुलझाने के लिए उन्होंने निरंतर प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप आज प्रभावित परिवारों को उनका अधिकार मिल सका। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान प्रभावित किसानों ने मुआवजा राशि प्राप्त होने पर संतोष और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक श्रीचंद कृपलानी का आभार प्रकट किया।

# सरिता स्वर्णकार राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच की प्रदेश सचिव नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट संतोष कुमार शर्मा एवं राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय की अनुशंसा पर जिला अभिभाषक संस्था भीलवाड़ा की सदस्य सरिता स्वर्णकार को राजस्थान प्रदेश सचिव (युवा महिला प्रकोष्ठ) नियुक्त किया गया है। सरिता स्वर्णकार की नियुक्ति की घोषणा के साथ ही अधिवक्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में पीरू सिंह गौड़, सूर्यप्रकाश सरगरा, अनिल कुमार पारीक, बालूलाल उपाध्याय, नवनीत कुमावत, सुधीर डांगी, नवीन चेचाणी, सुरेश बिड़ला, अनीता व्यास, किरण सोनी, ममता दाधीच, आरती कुमावत, संध्या चतुर्वेदी, सीमा अहीर, शिप्रा, पल्लवी, ममता लक्षकार सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने के अंतिम दिन आवासीय कॉलोनी में आयोजित तीन दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन रहा सफल

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा (नि.स.)।** कॉलोनीवासियों ने जनप्रतिनिधि का जताया आभार। रावतभाटा।मतदाता सूची में 18 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों के नव मतदाता के तौर पर फॉर्म नंबर 6 एवं पहले से बने हुए मतदाता पहचान पत्र में संशोधन करेक्शन करने के लिए फॉर्म नंबर 8 बड़ी संख्या में कॉलोनीवासियों ने जमा कराए । पूर्व पार्षद मनीष गिरी ने कॉलोनी के बूथ लेवल ऑफिसरों से समन्वय बिठा कर परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी में 20,21,22 नवंबर को शाम 4.15 बजे से 6.30 बजे तक मुक्तेश्वर महादेव मंदिर अणु किरण कॉलोनी, टाईप 2 पार्क अणु प्रताप कॉलोनी एवं एल शेप क्लस्टर के सामने विशेष कैंप का आयोजन किया जिसमें बी एल ओ सुपरवाइजर हरिकेश मीणा,बूथ लेवल ऑफिसर 223 के नमन वर्मा,224 के विशंभर मीणा,225 के हश्वर्धन सिंह,226 के राजेश मीणा ने नए मतदाताओं के फॉर्म 6 एवं मतदाता पहचान पत्र में करेक्शन वालो के लिए फॉर्म 8 ऑनलाइन बी एल ओ ऐप से अपलोड किए।प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉलोनी में विशेष शिविर के जरिए करीब 30 नव मतदाताओं के फॉर्म 6 भरवाए गए साथ ही 55 मतदाताओं से फॉर्म नंबर 8 भरवाकर करेक्शन किए गए। विशेष शिविर के अंतिम दिन कॉलोनीवासियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित रह कर पूर्व पार्षद मनीष गिरी द्वारा स्वेच्छा से कॉलोनी में लगाए गए विशेष शिविर की सराहना की साथ ही कॉलोनी के सभी बूथ लेवल ऑफिसरों के प्रति आभार प्रकट किया। गिरी ने शिविर को सफल बनाने में कॉलोनी से महिला मोर्चा अध्यक्ष राजू चौधरी,रंजना पुरोहित,लीला धाकड़,कांता धाकड़,मीनू प्रजापत,सुमन विजयवर्गीय, संतोष वर्मा, संतोष मेघवाल पूनम शर्मा एवं सभी सहयोगकृताओं के प्रति आभार जताया।

**शिक्षिका रेहाना का नवाचार**

# शिक्षकों अभिभावको को रास आया मेघा पीटीएम का न्यौता

बढ़ता राजस्थान



**जजावर(पदम शाह) ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 23 जनवरी शुक्रवार को सभी राजकीय विद्यालयों में अभिभावकों के लिए मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया है। सभी अभिभावक जाकर शिक्षकों से मिलेंगे और अपने बच्चों की शैक्षिक और सह शैक्षिक प्रगति का अवलोकन करेंगे साथ ही इसी दिन विद्यालयों में निपुण मेले और कृष्ण भोग का भी आयोजन किया गया है।निपुण मेले में भी अभिभावक अपने बच्चों के कौशल देखेंगे और परखेंगे। सभी सरकारी विद्यालयों में इस आयोजन के लिए जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। इन्हीं तैयारियों में अपनी रचनात्मकता और नवाचारी सोच का उपयोग करते हुए करीबी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ौदिया में सेवारत जिले की लोकप्रिय शिक्षिका रेहाना चिश्ती ने एक बहुत सुंदर आमंत्रण पत्र बनाया है जिसके माध्यम से 23 जनवरी को सभी अभिभावकों को विद्यालय में आमंत्रित किया जाएगा । यही नहीं उनके द्वारा एक शॉर्ट वीडियो के रूप में इसका आइए पधारिए शीर्षक से वॉट्सएप स्टेटस भी बनाया गया है जिसमें बालिका गाते हुए सभी अभिभावकों से आग्रह करती दिखाई दे रही है। आमंत्रण पत्र की सबसे बड़ी खूबी है कि इसे राज्य के किसी भी सरकारी स्कूल के लिए उपयोग में लिया जा सकता है । यही कारण है कि शिक्षिका द्वारा बनाए गए इस आमंत्रण पत्र को सभी शिक्षकों द्वारा हाथों हाथ लिया गया है और बनने के साथ ही चिश्ती का यह विडियो संपूर्ण राजस्थान में वायरल भी हो गया। हर शिक्षक के स्टेटस पर ये कार्ड देखा जा रहा है साथ ही अभिभावकों को भी शिक्षिका की यह पहल बहुत सुंदर लगी और वे इस नवाचार से बहुत प्रभावित हुए हैं। कई अभिभावकों ने इस संवाददाता को बताया कि जहां शिक्षक इतने नवाचारी और रचनात्मक होंगे वहां रहकर/ पढक़र हमारे बच्चों में भी ये गुण निश्चित रूप से आयेगा।
गौरतलब रहे इस मेगा पीटीएम से संबंधित रेहाना चिश्ती ने इसके अलावा एक और सुंदर वीडियो बनाया है जिसमें मेगा पीटीएम , इसके प्रभाव,कृष्ण भोग एवं निपुण मेले के बारे में अभिभावकों को विस्तृत जानकारी कवितामय रूप में देते हुए स्वयं अपनी आवाज़ में बनाया है। उसे शिक्षा विभाग राजस्थान के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर भी प्रसारित किया गया है। राजस्थान के सभी शिक्षकों और अभिभावकों द्वारा ये अनोखे आमंत्रण पत्र बहुत पसंद किए जा रहे हैं। विदित रहे पूर्व भी शिक्षिका द्वारा समय समय पर राज्य सरकार के विभिन्न आयोजनों का अपने रचनात्मक तरीके से प्रचार प्रसार किया जाता रहा है साथ ही इनके इस तरह के विभिन्न नवाचारी प्रयासों के लिए इन्हें राष्ट्रीय ,राज्य और जिला स्तर पर विभिन्न सम्मान प्राप्त हुए हैं ।

# जयपुर में फिर तेज रफ्तार कार ने लोगों को रौंदा

## गाड़ी छोड़कर भागे ड्राइवर को पीछा कर पकड़ा, एक की हुई मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में बुधवार रात तेज रफ्तार कार ने बाप-बेटे को रौंद दिया। हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि बेटा चोटिल है। वहीं, एक्सीडेंट के बाद मौके से भाग रहे ड्राइवर को लोगों ने पकड़ लिया। पुलिस ने कार को जब्त कर ड्राइवर को अरेस्ट किया है। हादसा कलेक्ट्रेट सर्किल के पास कबीर मार्ग पर रात करीब 10 बजे हुआ। एक्सीडेंट थाना पुलिस (वेस्ट) ने एसएमएस हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। एक्सीडेंट थाने (वेस्ट) के पुलिसकर्मी सुभाष ने बताया- हादसे में घायल हुए निवारू रोड के राधा कृष्णा कॉलोनी निवासी हनुमान (58) पुत्र भूराराम की हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घायल बेटे अमित को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

# जयपुर में पत्थर की खदान ढही, युवक दबा

## 100 फीट ऊंचाई से गिरी चट्टान, पत्थरों के नीचे दबी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। जयपुर में पत्थर की खदान ढहने का मामला सामने आया है। 100 फीट ऊंचाई से गिरी चट्टानों के पत्थरों के नीचे दो ट्रेक्टर-ट्रॉली दब गई। हादसे में पत्थर के नीचे दबने से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली का ड्राइवर घायल हो गया। हरमाड़ा थाना पुलिस ने घायल युवक को प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट करवाया है।

हेड कॉन्स्टेबल निरजंन ने बताया- हादसा हरमाड़ा के दादर बावड़ी इलाके में हुआ। दादर बावड़ी डूंगरी में पत्थर की खदान है। सुबह करीब 8 बजे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पत्थर भरने के लिए खदान पर गई थी। पत्थर भरते समय अचानक खदान ढह गई। करीब 100 फीट ऊंचाई से चट्टानें तेजी से नीचे आकर गिरने लगी। चट्टानों के बड़े पत्थर ढह कर आते देखकर वहां मौजूद ट्रेक्टर-ट्रॉली के दोनों ड्राइवर व दो मजदूर अपनी जान बचाने के लिए भागे।

पत्थर के नीचे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली का ड्राइवर सरदार मल गुर्जर (34) भी दब गया। वहां मौजूद साथियों ने तुरंत उसे बाहर निकाला। पत्थर के गिरने से उसके पैर में फ्रेक्चर हो गया। हरमाड़ा थाना पुलिस खदान ढहने की सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस चेतक में मौजूद कॉन्स्टेबल राजकुमार ने एम्बुलेंस की मदद से तुरंत घायल ड्राइवर सरदार मल गुर्जर को प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट करवाया।

# जयपुर में 24 जनवरी से सीआईआई-एयू इन्विटेशन गोल्फ कप

## सेना, रेलवे और उद्योग जगत के 100 से ज्यादा खिलाड़ी होंगे शामिल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में गोल्फ कप टूर्नामेंट में सेना, रेलवे, आयकर विभाग, उद्योग जगत और खेल जगत से जुड़ी कई नामी हस्तियां हिस्सा लेंगी। सीआईआई-एयू इन्विटेशन गोल्फ कप का छठा संस्करण 24 जनवरी से रामबाग गोल्फ क्लब में खेला जाएगा।

कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की ओर से आयोजित टूर्नामेंट में अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े 100 से ज्यादा प्रतिभागी, जिनमें 12 महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं हिस्सा लेंगे।

सीजेआई राजस्थान के पूर्व चेयरमैन गौरव रूंगटा ने गुरुवार को बताया- टूर्नामेंट में लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह (आर्मी कमांडर, सदर्न वेस्ट कमान), उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ, आयकर विभाग (जांच) के निदेशक अवधेश कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी, बिजनेसमैन और खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

# श्रीमद्भगवद्गीता के अध्यायों पर पूछे जाएंगे प्रश्न, मिलेंगे पुरस्कार

## जयपुर में 19 अप्रैल को होगा इंटरनेशनल गीता ओलंपियाड, ऑनलाइन माध्यम से हिंदी-अंग्रेजी भाषा में होगी

**जयपुर।** जयपुर में 19 अप्रैल को इंटरनेशनल गीता ओलंपियाड का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा खास तौर पर शिक्षकों और अभिभावकों के लिए रखी जाएगी। परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से होगी। इसमें श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 13 से 18 तक के श्लोकों पर आधारित 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में दी जा सकेगी।

आयोजकों के अनुसार ओलंपियाड में बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले प्रतिभागियों को 24 मई को होने वाले पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा। विजेताओं को 2 लाख रुपए तक के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि गीता के ज्ञान को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह आयोजन हर साल किया जाता है।

# राठौड़ बोले- जो सेवा करें-उसे आशीर्वाद दें, नहीं तो कान मरोड़ें

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले- वो 5 साल में एक बार पैरों में पगड़ी रख देते हैं, आप वोट दे देते हो

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- जो सेवा करता है, उसको आशीर्वाद देना चाहिए। जो सेवा नहीं करता है, उसके कान मरोड़ने चाहिए। राठौड़ ने कहा- एक तरफ हमारे कार्यकर्ता हैं, जो सेवा करते हैं। दूसरी तरफ वे लोग हैं, जो आपका वोट लेकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। समाज की चिंता नहीं करते हैं। फिर 5 साल बाद आकर अपनी पगड़ी आपके पैरों में रख देते हैं और आप वोट दे देते हो। अगर आप ऐसा करोगे तो दिन-रात मेहनत करने वाला कार्यकर्ता भी सोचेगा कि मैं क्यों गर्मी में घूमू। हर पांच साल में एक बार इनके पैरों में अपनी पगड़ी रखो या इनको कोई लालच दो, यह वोट दे देंगे। बीजेपी एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में गुरुवार को बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह कहा। उन्होंने कहा- जो समाज को तोड़कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम करते हैं, उन्हें बेनकाब करने की जरूरत है।




### समाज को जागरूक करने की जरूरत है

मदन राठौड़ ने कहा- आज समाज को जागरूक रखने की जरूरत है। देश-प्रदेश में क्या हो रहा है, इसकी जानकारी होनी चाहिए। हमको भ्रमित करके कोई राजनीतिक रोटियां नहीं सेक सके, इसके लिए जागरूक रहने की आवश्यकता है। जो समाज को तोड़ना चाहता है, उसे कमजोर करिए, उसकी हिम्मत तोड़िए। जो समाज को जोड़ने के लिए काम करता है, उसको मजबूत करने का काम कीजिए, उसका साथ दीजिए। राठौड़ ने कहा- आज की आवश्यकता है कि हम इतने जागृत रहें कि हमारा भला कौन कर सकता है। हमारे हितों की रक्षा कौन कर सकता है। हमारे लिए अच्छी योजनाएं कौन लाकर दे सकता है।




### ट्रिपल इंजन की सरकार बनानी है

इस मौके पर एसटी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने कहा- कांग्रेस शासन के दौरान राज्य के लाखों युवाओं के साथ धोखा किया गया। उन्होंने पेपरलीक माफिया तैयार कर दिया और हर पेपर में मिलीभगत कर युवाओं के सपने चकनाचूर करने का कार्य किया।

भाजपा के दो साल के शासन में किसी भी युवा के साथ धोखा नहीं होने दिया गया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले पंचायत चुनाव में अभी से जुट जाएं। कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए ट्रिपल इंजन की सरकार बनानी है।

# भोजशाला में पूजा और नमाज एक साथ होगी

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- प्रशासन दोनों के लिए अलग-अलग जगह तय करे; धार छावनी में तब्दील

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को धार भोजशाला मामले में बड़ा आदेश दिया है। 23 जनवरी (बसंत पंचमी, शुक्रवार) को हिंदू पक्ष को सूर्योदय से सूर्यास्त तक मां सरस्वती (वाग्देवी) की पूजा की पूरी छूट दी गई है, जबकि मुस्लिम पक्ष को दोपहर 1 से 3 बजे तक जुमे की नमाज अदा करने की अनुमति दी है।

कोर्ट ने प्रशासन को दोनों के लिए अलग-अलग जगह तय करने, विशेष पास व्यवस्था करने और शांति-सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने यह व्यवस्था हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की याचिका पर सुनवाई करते हुए दी। मामले की सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने की।

आदेश के मुताबिक हिंदू समुदाय को हर मंगलवार को सूर्योदय से सूर्यास्त तक निःशुल्क प्रवेश की अनुमति है। उस दिन आगंतुक एक-दो फूल और कुछ चावल के



दाने ले जा सकते हैं।

इन रियायतों के अतिरिक्त, परिसर अन्य सभी दिनों में पर्यटकों के लिए खुला रहेगा। प्रवेश शुल्क प्रति व्यक्ति 1 रुपए होगा। 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा। बता दें, सुरक्षा व्यवस्था के लिए धार में आठ हजार पुलिस बल और अफसर तैनात किए गए हैं।

### हिंदू पक्ष ने कहा- बसंत पंचमी पर दिनभर पूजन होंगे

सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष के वकील ने कहा कि बीते कुछ वर्षों से बसंत पंचमी शुक्रवार को पड़ रही है। कल बसंत पंचमी है और सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा, हवन और पारंपरिक अनुष्ठान होंगे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के वकील ने अदालत को आश्वस्त किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने की पूरी व्यवस्था की जाएगी, जैसा कि पूर्व वर्षों में किया जाता रहा है।

### मस्जिद पक्ष बोला- नमाज के बाद परिसर खाली कर देंगे

मस्जिद पक्ष के वकील ने कहा कि दोपहर 1 से 3 बजे के बीच नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद परिसर खाली कर दिया जाएगा। हिंदू पक्ष की ओर से यह सुझाव दिया गया कि नमाज शाम 5 बजे के बाद कराई जाए, ताकि पूजा निर्बाध चल सके। इस पर मस्जिद पक्ष ने स्पष्ट किया कि जुमे की नमाज का समय बदला नहीं जा सकता। अन्य नमाजों के समय में बदलाव संभव है।

# अविमुक्तेश्वरानंद विवाद, योगी बोले-कुछ लोग सनातन को कमजोर कर रहे

## डिप्टी सीएम ने कहा- शंकराचार्य के चरणों में प्रणाम, विवाद खत्म करें



बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज।** प्रयागराज में अविमुक्तेश्वरानंद और माघ मेला प्रशासन के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। 48 घंटे के अंदर प्रशासन ने अविमुक्तेश्वरानंद को दूसरा नोटिस भेजा है। इसमें मौनी अमावस्या के दिन बैरियर तोड़ने और जबरन भीड़ में बग्घी घुसाने को लेकर सवाल किए हैं। पूछा है कि क्यों न आपको हमेशा के लिए माघ मेले से बैन कर दिया जाए अगर 24 घंटे के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो संस्था को दी गई जमीन और सुविधाएं वापस ले लेंगे। अविमुक्तेश्वरानंद के मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगिराज ने कहा- प्रशासन ने बुधवार शाम 7 बजे शिविर के पीछे नोटिस चस्पा किया, जिस पर 18 जनवरी की डेट थी। अविमुक्तेश्वरानंद ने गुरुवार सुबह 8 बजे 3 पेज में दूसरे नोटिस का जवाब मेला ऑफिस भिजवाया।

## राहुल ने सिर पर गमछा बांधा, कंधे पर कुदाल रखी

# मनरेगा बचाओ सम्मेलन में बोले- वीबी-जीराम-जी जुमला है, गरीबों के हक पर हमला है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को नई दिल्ली में कहा कि वे वीबी-जीराम-जी बिल के बारे में नहीं जानते। उन्होंने कहा, 'वीबी-जीराम-जी' जुमला है, गरीबों के हक पर हमला है। राहुल ने गरीबों से अपील की कि वे इस नए बिल के विरोध में एकजुट हों। राहुल रचनात्मक कांग्रेस के राष्ट्रीय मनरेगा श्रमिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में राहुल और खड़गे ने सिर पर गमछा बांधा, कंधे पर कुदाल रखी और देशभर से मजदूरों की लाई मिट्टी पौधों में डाली।

सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि सरकार का मनरेगा को निरस्त करना महात्मा गांधी के नाम को लोगों की यादों से मिटाने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी संसद के बजट सत्र में इस मुद्दे को मजबूती से उठाएगी। राहुल ने कहा कि मनरेगा गरीबों को अधिकार देने के लिए लाई गई योजना थी। इसका उद्देश्य जरूरतमंदों को काम देना था। यह योजना सरकार के तीसरे स्तर यानी पंचायती राज के माध्यम से चलाई जानी थी। अधिकार शब्द महत्वपूर्ण था। सभी गरीब लोगों को मनरेगा के तहत काम करने का अधिकार था। पीएम मोदी-भाजपा उस कन्सेप्ट को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा, कुछ साल पहले



सरकार 3 काले कृषि कानून लाई थी। लेकिन हम सभी के एकजुट होकर दबाव बनाया और कानूनों को रद्द करवा दिया। नए कानून में केंद्र सरकार काम और पैसा देने का फैसला करेगी और भाजपा शासित सरकारों को हमेशा प्राथमिकता मिलेगा। राहुल ने कहा, पहले जो मजदूरों को मिलता था, वह अब ठेकेदारों और अफसरों को दिया जाएगा। भाजपा चाहती है कि संपत्ति कुछ ही हाथों में रहे ताकि गरीब लोग अडानी-अंबानी पर निर्भर रहें, यही उनका भारत का आदर्श है। वे ऐसा भारत चाहते हैं, जहां राजा ही सब कुछ तय करे। सम्मेलन में देश भर के श्रमिकों ने भाग लिया और अपने कार्यस्थलों से मुट्ठी भर मिट्टी लाकर खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की उपस्थिति में प्रतीकात्मक रूप से पौधों में डाली।

# जयपुर की मॉडल्स को मिले एक लाख रुपए के इनाम

**जयपुर।** नेशनल ब्यूटी पेजेंट ऑर्गेनाइजेशन इंडिया ग्लैम ने वार्षिक फिनाले के दौरान उत्कृष्ट कार्य और बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए दो मॉडल्स हिना नामवानी और रिंकू चौधरी को विशेष अवॉर्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर हिना नामवानी को मिस इंडिया ग्लैम रूबी-2026 और रिंकू चौधरी को मिस इंडिया ग्लैम पर्ल-2026 के खिताब दिए गए। साथ ही दोनों मॉडल्स को पुरस्कार में एक-एक लाख रुपए दिए गए। हिना नामवानी और रिंकू चौधरी ने इसका श्रेय अपने मेंटर और इंडिया ग्लैम के डायरेक्टर पवन टांक को दिया। उन्होंने कहा- पवन टांक के विश्वास, मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व ने उनकी मॉडलिंग यात्रा को सही दिशा दी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# कांग्रेस बोली-ट्रम्प का 71वीं बार भारत-पाक युद्ध रुकवाने का दावा

## कहा- पीएम मोदी के दोस्त ने दो दिन में तीन बार खुद को क्रेडिट दिया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान युद्ध रुकवाने के दावे को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर तंज कसा है। ट्रम्प ने बुधवार को दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत-पाक युद्ध को रुकवाया था। कांग्रेस ने कहा कि यह ट्रम्प का 71वां दावा है। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्वीटर पर ट्रम्प के बयान का वीडियो शेयर किया। जिसके साथ लिखा 'कल तक गिनती 70 थी और आज यह 71 हो गई है। यह याद रखना चाहिए कि दावोस में भारत का एक बड़ा भारतीय प्रतिनिधिमंडल मौजूद है।' डोनाल्ड ट्रम्प ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में कहा कि उन्होंने मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रोका था। दोनों देश न्यूक्लियर युद्ध के करीब पहुंच गए थे। हमने लाखों लोगों की जान बचाई।

### ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में भी दावा किया था

इससे पहले बुधवार सुबह वॉशिंगटन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा था कि अपने दूसरे कार्यकाल के पहले साल में उन्होंने कई 'ना सुलझने वाले युद्ध' खत्म किए। जिनमें भारत-पाक युद्ध भी शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान वास्तव में एक-दूसरे से लड़ रहे थे। मेरी राय में वे न्यूक्लियर युद्ध की ओर बढ़ रहे थे। ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी कहा कि भारत-पाक संघर्ष में 10 से 20 मिलियन लोगों की जान जा सकती थी और उन्होंने इसे रोककर 'लाखों लोगों की जान बचाई।




### जयराम रमेश बोले- पीएम मोदी के 'अच्छे दोस्त' का दावा

इस दावे के बाद भी जयराम रमेस ने एक पोस्ट किया था, जिसमें ट्रम्प का वीडयो शेयर करते हुए लिखा था कि परसों तक गिनती 68 थी, लेकिन कल ही यह संख्या 69 तक नहीं बल्कि 70 तक पहुंच गई। एक बार उनके व्हाइट हाउस प्रेस कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन भाषण में और बाद में सवाल-जवाब के दौरान। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री के 'अच्छे दोस्त' और उनको कई बार जबरन गले लगाने वाले, कितनी बार यह घोषित कर चुके हैं कि 10 मई, 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के अचानक और अप्रत्याशित रुकने के लिए वे जिम्मेदार थे।

### चीन ने भी भारत-पाक युद्ध रुकवाने का दावा किया था

चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भी 30 दिंसबर 2025 को बीजिंग में आयोजित एक कार्यक्रम में दावा किया था कि चीन ने भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए सैन्य तनाव को कम कराने में भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा था कि चीन दुनिया के कई संघर्षों को सुलझाने में मदद करता रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय ने उनके इस बयान को सोशल मीडिया पर शेयर किया। भारत सरकार ने चीन के इस दावे को खारिज किया था। भारत ने कहा था कि संघर्ष को रुकवाने में किसी तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं है।

### भारत पहले भी तीसरे पक्ष की भूमिका नकार चुका है

चीन और ट्रम्प के दावों के उलट भारत सरकार पहले भी साफ तौर पर कह चुकी है कि इस पूरे मामले में किसी भी तीसरे देश की कोई भूमिका नहीं थी। भारत का कहना है कि यह तनाव सीधे भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच बातचीत से ही खत्म हुआ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।